# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 309 । भोपाल, बुधवार 8 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए


प्रधानमंत्री ने सीधी की सभा में कांग्रेस को लिया आड़े हाथ, कहा-

## भाजपा सरकार में बंद हुए घोटाले, योजनाओं में लगाया बचत का पैसा



**सीधी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने शासन काल में गरीब और मध्यम वर्ग को लूटने का काम किया था, लेकिन मोदी सरकार ने 10 साल में पूरी लगन से कार्य किए हैं। इन 10 वर्षों में घोटाले बंद हुए हैं, गरीब और मध्यम वर्ग की बचत हुई है, उन्हें अधिक सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने टेलीकॉम घोटाला और कोयला घोटाला करके कांग्रेस ने आपके लाखों-करोड़ रुपये लूट लिए। जबकि भाजपा सरकार वो लाखों करोड़ रुपये के घोटाले बंद होने से बचा पैसा गरीब और मध्यम वर्ग के हित में लगा रही हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज सीधी में भाजपा की चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने जहां कांग्रेस को भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर घेरा, वहीं उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाएं का उल्लेख भी मंच से किया। उन्होंने बताया कि गरीब कल्याण अन्न योजना पर अब तक केंद्र सरकार 2 लाख करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इससे 80 करोड़ देशवासियों को कोरोना के संकटकाल से लेकर अब तक मुफ्त राशन सुनिश्चित हुआ, गरीब के घर का चूल्हा जलता रहा। अब हमने मुफ्त राशन की इस योजना को आने वाले 5 साल के लिए बढ़ाने का निश्चय कर लिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हम किसानों के खाते में पैसा जमा कर रहे हैं। इस योजना के तहत अब तक 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में जमा किए जा चुके हैं। इस योजना के 20 हजार करोड़ रुपये मध्यप्रदेश के किसानों के खातों में भी गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल में सबसे बुरी स्थिति दलित और आदिवासी बस्तियों की ही थी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का सबसे अधिक लाभ हमारे गरीब और दलितों को ही हुआ है। उन्होंने कहा कि अनेक दशकों तक देश में पंचायत से लेकर संसद तक कांग्रेस का ही झंडा था, कांग्रेस की ही सरकारें थीं, लेकिन आज गिनती के कुछ राज्यों में ही इनकी सरकार बची है। उन्होंने कहा कि किसी राज्य से एक बार कांग्रेस गई, तो वहां के लोगों ने कांग्रेस को दोबारा घुसने नहीं दिया है। मध्यप्रदेश में भी 2 दशक से अधिक समय से कांग्रेस बहुमत के लिए तरस रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस उन्हें गाली देना कभी नहीं भूलती और वह उन्हें गाली देते-देते पिछड़ों को गाली देने लगती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग उत्थान नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### कांग्रेस ने प्रदेश को कुएं में धकेला

श्री मोदी ने कहा कि जिस मध्यप्रदेश को कांग्रेस ने बीमारू राज्य बना दिया था, भाजपा की सरकार ने उसे विकास के मामले में बहुत आगे पहुंचा दिया है। आज मध्यप्रदेश अन्न उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है, स्वच्छता के मामले में अग्रणी है। दो दशक पहले यहां बिजली का बड़ा संकट रहता था आज एमपी सरप्लस बिजली पैदा करता है। अब एमपी में पहले के मुकाबले पांच गुना ज्यादा मेडिकल कॉलेज हैं, सीधी में भी मेडिकल कॉलेज बन रहा है। एमपी की पहचान अब देश के एक महत्वपूर्ण औद्योगिक राज्य के रूप में होने लगी है। श्री मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यह पता नहीं होगा कि कांग्रेस ने देश के 100 जिलों पर पिछड़े होने का ठप्पा लगा दिया था, जिनमें से 8 जिले मध्यप्रदेश के थे। इनमें से अधिकतर आदिवासी बहुल जिले थे, जिनमें हमारे सिंगरौली और दमोह जैसे जिले भी शामिल थे। 2014 में आपने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई। हमने इन जिलों में विकास का काम शुरू किया और आज ये जिले विकास के कई पैमानों पर देश के अन्य जिलों से भी आगे हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का काफिला दुर्घटना का शिकार, बाल-बाल बचे

## शिक्षक की मौत, 3 बच्चे गंभीर रुप से घायल



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा के स्टार प्रचारक केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा से नरसिंहपुर आते समय अमरवाड़ा के पास ये हादसा हुआ है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति समेत तीन स्कूली बच्चे घायल हुए हैं। हादसा उस समय हुआ जब प्रहलाद पटेल छिंदवाड़ा से जनसंपर्क कार्यक्रम निपटा कर नरसिंहपुर लौट रहे थे। सिंगोड़ी बाईपास के पास निजी स्कूल से बच्चों को लेकर लौट रहे एक शिक्षक की मोटर सायकिल को उनकी कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे भूरा मोहगांव निवासी निरंजन चंद्रवंशी बुरी तरह से जख्मी हो गए, जबकि उनके साथ बैठे तीन बच्चे भी घायल हो गए, तत्काल केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान मोटर सायकिल चला रहे भुला मोहगांव के रहने वाले शिक्षक निरंजन चंद्रवंशी (35) की मौत हो गई। घटना में घायल 3 बच्चों को जिला अस्पताल से नागपुर रेफर किया गया है। घायलों में सात वर्षीय निखिल और आठ वर्षीय संस्कार और 17 वर्षीय जतिन शमिल हैं। सात वर्षीय निखिल और आठ वर्षीय संस्कार को सिर पर गंभीर चोट आई है।

### प्रहलाद पटेल के पैर में चोट

हादसे के दौरान प्रहलाद पटेल के पैर में भी मामूली चोट आई है। वहीं, उन्होंने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे के कुछ देर बाद प्रहलाद पटेल दूसरे वाहन से नरसिंहपुर निकल गए। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए थे, यहां से प्रहलाद पटेल के जाने के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा नारेबाजी भी की गई।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भोपाल में जनसभा को किया सम्बोधित

## भाजपा तोड़ने, कांग्रेस जोड़ने वाली पार्टी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भोपाल का वातावरण गंगा-जमुनी तहजीब का वातावरण है जो, सबको मिलजुल कर रहना सिखाता है। लेकिन भाजपा और आरएसएस के लोग इस वातावरण को खराब करते हैं। भाजपा तोड़ने और कांग्रेस जोड़ने वाली पार्टी।

श्री खड़गे ने आज भोपाल मध्य विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग दियासलाई की डिब्बी को अपने जेब में रखते हैं और समाज के लोगों को आपस में भड़काकर उनमें आग लगाते हैं, ये कभी लोगों को समझाने की बात नहीं करते हैं, शांति की बात नहीं करते हैं, बल्कि लोगों को भड़काते हैं, गुमराह करते हैं। श्री खड़गे ने भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि मैं भी पहली बार मध्यप्रदेश के इस क्षेत्र में आया हूं भाजपा की सरकार साढ़े 18 साल से प्रदेश में है, लेकिन इन्होंने फिर भी अपने वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में केवल चुनाव जीतना ही उद्देश्य नहीं होता है, लोगों के साथ मिलजुल कर काम करना भी होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह कांग्रेस झूठे वादे नहीं करती, हमारी सरकार प्रदेश में आने के बाद बेरोजगारी खत्म करेगी और महंगाई पर लगाम कसेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी ने 2014 के चुनाव में कहा था कि हम हर साल युवाओं को 2 करोड़ रोजगार देंगे, महंगाई कम करेंगे, लेकिन यह दोनों काम नहीं किए।

उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी और आजादी की लड़ाई लड़ने के बाद देश के निर्माण में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में मजबूती से काम किया, बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया जिसमें गरीबों, दलितों और महिलाओं को अधिकार दिया है। श्री खड़गे ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने बड़े-बड़े कारखाने बनाने का काम किया। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में भी बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां लगाईं, जिससे कि लाखों लोगों को नौकरियां मिली, लेकिन भाजपा के लोग आज उन्हीं कारखानों और कंपनियों को बेचने का काम कर रहे हैं। भाजपा की सरकार बड़े लोगों के लिए काम कर रही है और गरीबों की सुध लेने को तैयार नहीं है। आरक्षण का लाभ सभी वर्गों को न मिले इसलिए नरेंद्र मोदी सरकार और शिवराज सरकार, सरकारी कंपनियों को बेचने का काम कर रही है, इस कारण सरकारी नौकरियां नहीं निकल रही हैं और बड़ी संख्या में लोग पलायन कर रहे हैं, जिससे प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि स्वयं को किसान का बेटा कहने वाले शिवराज सिंह चौहान आज किसानों की स्थिति पर चुप क्यों हैं? शिवराज की सरकार में भाजपा के लोग आदिवासियों पर पेशाब करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन के खिलाफ अब जनता को एकजुट होना होगा। सभा में विधायक और मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद ने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को जनता के पटल पर रखा और क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में कमलनाथ सरकार बनने पर और अधिक विकास इस क्षेत्र का होगा।

### लोकतंत्र, संविधान और देश की एकता को बचाने के लिए चुनाव

**ग्वालियर, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह चुनाव उम्मीदवार या पार्टी के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। ग्वालियर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि हमारी सरकार में माताओं-बहनो को 1,500 रुपए प्रति महीना मिलेगा, 500 में गैस सिलेंडर मिलेगा, 100 यूनिट बिजली माफ और 200 यूनिट हाफ, किसान का कर्ज माफ, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल होगी, किसानों को 12 घंटे सिंचाई के लिए बिजली देने का भी काम हमारी सरकार करने वाली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग हाथी के दांत की तरह हैं, यह कहते कुछ हैं और करते कुछ और हैं। हम देश में एकता रखना चाहते हैं इसलिए आपसे कहेंगे कि यह चुनाव केवल किसी उम्मीदवार के लिए या किसी पार्टी के लिए नहीं है। यह देश की एकता के लिए चुनाव है और हम देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए आज चुनावी मैदान में हैं। खड़गे ने कहा कि मोदी जब मध्य प्रदेश आते हैं तो उन्हें व्यापम घोटाले की याद नहीं आती, उन्हें पटवारी घोटाला याद नहीं आता है।





FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK/GeM REQUIREMENTS, PLEASE MAIL AT bhopal@heromotocorp.com | हीरो के सभी स्कूटर्स एवं बाइक्स से सम्बंधित ऑफर्स अब सीएसडी कैन्टीन में भी उपलब्ध

**अधिकृत डीलरः** भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **अधिकृत ए.एस.सी.:** आष्टा-श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना-आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली-श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल-मानिक मोटर्स 7428092493, श्रुति मोटर्स 7879573737, नसरूल्लागंज-जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा-ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी-रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा- शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा-आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया-राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़-गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर-प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन-युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना-राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़-एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर-हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379

WT.5655.2023

## सार समाचार

### घर के आगे ईंट रखने से रोका तो पूरे परिवार पर जानलेवा हमला

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत जगदम्बा कॉलोनी में एक घर के आगे ईंट रखने का विरोध करने पर पड़ोसी ने पूरे परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें आधा दर्जन के करीब लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल फरियादिया हेमलता शर्मा पति संजय शर्मा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत सुबह वह गुना से आकर घर का गेट खोल रही थी। तभी उन्होंने देखा कि पड़ोस मे रहने वाले पुरुषोत्तम कसेरा उनके घर के गेट पर ईंटे रख रहा था। जब उन्होंने ईंटे रखने से मना किया तो पुरुषोत्तम कसेरा, उसके लडके दिलीप कसेरा, भगवान कसेरा, सौरभ कसेरा ने गाली गलौंच कर लाठी-डंडे, सरिया लेकर उनके घर में घुसकर हमला कर दिया। जिसमें उनके अलावा उनके पति संजय शर्मा, आशुतोष शर्मा, सक्षम शर्मा, सास सुशीला शर्मा के साथ जमकर मारपीट की। पूरा परिवार खून से लहूलुहान हो गया। बाद मे बंटी कसेरा, राजीव कसेरा, रचना कसेरा भी उनके घर के अन्दर घुस आए और मारपीट की। मारपीट के दौरान ज्वैलरी और मोबाईल गुम गया था जो मोबाईल मिल गया। लेकिन ज्वेलरी का पता नहीं चला। उक्त मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 294, 323, 324, 506, 458, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### जुआ खेलते हुए आरोन पुलिस ने दबोचे जुआरी

**गुना, देशबन्धु।** आरोन पुलिस द्वारा ग्राम बांसखेड़ी में जुआ खेलते हुए दो व्यक्तियों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बांसखेडी में कुछ लोग जिंदबाबा मंदिर के पास जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो यहां जुआ खेल रहे शेर सिंह पुत्र जगराम बंजारा निवासी बांसखेडी एवं हरवीर पुत्र रामकिशन यादव निवासी ककरुआ को पकड़ा। जिनके पासा से पुलिस ने ताश की गड्डी सहित एक हजाार रुपए नगदी बरामद किए। पुलिस ने दोनों जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### एसयूसीआई के प्रत्याशियों के समर्थन मे जनसभा आज

**गुना, देशबन्धु।** शास्त्री पार्क के सामने लक्ष्मीगंज गुना में एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा गुना विधानसभा प्रत्याशी ए सीमा राय और बमोरी प्रत्याशी क श्रीराम सेन के समर्थन में जनसभा का आयोजन 8 सितंबर को किया जाएगा। पार्टी के गुना जिला सचिव कामरेड मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि आज बड़ी-बड़ी पार्टियों चुनाव के समय जनता से बड़े-बड़े झूठे वादे करते हैं और चुनाव जीतने के बाद आम जनता के खिलाफ में बड़े-बड़े पूंजीपतियों के हित में नीतियां बनाती हैं।

आज जनता के हालात दिनों दिन दयनीय होते जा रहे हैं। ऐसे समय में एसयूसीआई पार्टी लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, नशाखोरी अश्लीलता-अपसंस्कृति, महिलाओं-बच्चियों पर बढ़ते अपराधों व शिक्षा, स्वास्थ्य,बिजली जैसे सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण खिलाफ आंदोलन चला रही है। 8 नवंबर की जनसभा को एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रख्यात किसान नेता हरियाणा के सत्यवान जी संबोधित करेंगे।

मधुसूदनगढ़ में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ली सभा, कहा-

# प्रियंका अहंकारी नहीं, यह कभी गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार नहीं करेगी



**गुना, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को चांचौड़ा विधानसभा के मधुसूदनगढ़ इलाके में पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पैंची के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक जोड़ी दूसरे प्रत्याशी के पास है। एक जोड़ी प्रियंका पैंची के पास भी है। उस तरफ बड़े भाई-छोटे भाई की जोड़ी है। प्रियंका पेंची के पास शिवराज सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया की जोड़ी है। कांग्रेस आ गयी तो सारी योजनाएं बंद कर देगी। श्री सिंधिया मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे हेलीकॉप्टर से मधुसूदनगढ़ पहुंचे। वे पहली बार मधुसूदनगढ़ में आमसभा लेने पहुंचे। इससे पहले वह कभी इस इलाके में आमसभा लेने नहीं आए थे। एक निजी गार्डन में आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़ सांसद रोडमल नागर, मीना समाज के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व आरटीओ जगदीश मीना, जिला मंत्री रुद्र देव सिंह, कौशलेंद्र अग्रवाल मौजूद रहे।सिंधिया ने कहा कि ये जो भाजपा की प्रत्याशी हैं प्रियंका पैंची , इनमें कोई अहंकार नहीं है। ये कभी गुंडागर्दी नहीं करेंगी। ये कभी दादागिरी नहीं करेंगी। एक भी भ्रष्टाचार नहीं करेंगी। आपके एक वोट से ये ताउम्र आपकी सेवक रहेंगी। पूरा जीवन आपके लिए समर्पित कर देंगी। ये चुनाव प्रियंका जी और उनके प्रतिद्वंद्वी का चुनाव नहीं है। ये चुनाव कमल के फूल और कांग्रेस पार्टी का चुनाव नहीं है। ये चुनाव बुजुर्गों का भविष्य बनाने का चुनाव है। वे चुनाव बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखने वाला चुनाव है। संबोधन के दौरान सिंधिया ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दो नेताओं की जोड़ी है- छोटा भाई, बड़ा भाई। इनकी नजर केवल कुर्सी पर ही रहती है। कुर्सी देखते ही ये कहते हैं कि आजा-आजा। 17 नवंबर को इस जोड़ी को बाय-बाय कर देना है।

सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस की सरकार अगर रहती तो क्या लाडली बहनों को 1250 रुपये मिल पाते। किसानों को 10 हजार रुपये मिल पाते। लाडली बहना अगवास योजना मिल पाती। उन्होंने आमसभा में मौजूद जनता से पूछा कि बताओ सरकार बदलकर ठीक किया या नहीं। वो सरकार होती तो क्या चांचौड़ा में सीएम राइज स्कूल, सब स्टेशन बनते क्या। तो बताओ सरकार बदलकर ठीक किया? कांग्रेस अगर आ गयी तो सारी योजनाएं बंद कर देगी।

### न राजा का नाम लिया, न विरोधी प्रत्याशी

पहली बार सिंधिया के मधुसूदनगढ़ पहुंचने पर यह माना जा रहा था कि वे पूर्व पूर्व दिग्विजय सिंह, चांचौड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह पर जोरदार हमला करेंगे। हालांकि, सिंधिया ने पूरे भाषण में एक बार भी इन दोनों में से किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने इशारों ही इशारों में हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर कोई मेरी जनता से वादाखिलाफी करे, तो सिंधिया परिवार का मुखिया धूल चटाने का काम करेगा।

## संदिग्ध हालात में मिली युवक की लाश, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

### सिरसी थानांतर्गत ग्राम श्यामपुर का मामला



**गुना, देशबन्धु।** सिरसी थानांतर्गत ग्राम श्यामपुर के निकट एक युवक की संदिग्ध हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का शव गांव से पांच-छह किमी दूर मुख्य सडक़ से कुछ दूर अंदर एक खेत में मिला। जिसमें युवक के ऊपर मोटर सायकिल थी। जबकि उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे। वहीं प्रायवेट पार्ट पर भी काटने के निशान है। पूरा मामला अवैध संबंधों को लेकर हत्या की आशंका का जताया जा रहा है। हालांकि पुलिस अभी संदिग्ध मौत मान रही है।

मंगलवार को पुलिस ने शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। यहां परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए दुर्घटना होने से साफ इंकार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरसी थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर निवासी दिनेश पुत्र तारा सिंह पटेलिया की लाश गांव से 5-6 किलो मीटर दूर खेत में बाईक के नीचे दबी हुई मिली। युवक के सिर और मुंह से खून भी बह रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। इधर अस्पताल में मृतक के ममेरे भाई सुभाष पटेलिया ने बताया कि मेन रोड से काफी अंदर बाईक के नीचे युवक की लाश मिली है। लेकिन उसके सिर के ऊपर बाईक पड़ी हुई थी। गले में और शरीर के कई हिस्सों में चोट के निशान भी है। जिससे ऐसा लग रहा है कि यह मामला एसिडेंट का नहीं है। हत्या का प्रतीत हो रहा है। मामले में परिजनों ने जांच की मांग की है। इधर पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेक्टर से बाईक सवार को रोंदने वाले चालक को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस



- उपचार के दौरान हो गई थी युवक की मौत, कलेक्टोरेट पहुंचे परिजन

**गुना, देशबन्धु।** फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम चक पारसीखेड़ा निवासी एक व्यक्ति को विगत दिनों ट्रेक्टर चालक ने रौंद दिया। जिसमें उसकी भोपाल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी पर 279, 337 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। लेकिन घटना को एक पखवाड़ा होने के बावजूद अभी तक आरोपी की गिरफ्तार नहीं हो सकी है। मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे मृतक के परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी एवं आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को आवेदन दिया। हालांकि यहां चुनावी व्यस्तता के चलते कोई अधिकारी उनकी फरियाद सुनने को तैयार नहीं था। दरअसल मामले के अनुसार विगत 24 अक्टूबर को रंगलाल पुत्र किशनलाल सहरिया निवासी ग्राम चक पारसी खेड़ा सुबह करीब 8 बजे अपनी मोटर सायकिल से अपने घर जा रहा था। तभी रामनगर तरफ से दीवान सिंह यादव निवासी ग्राम रामनगर ने अपने नीले रंग के 45 फार्मट्रक ट्रैक्टर से रंगलाल को रौंद दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी हालत गंभीर होने पर भोपाल रैफर कर दिया गया। यहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी पर मात्र धारा 279, 337 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है। लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तार नहीं हुई है। मामले में न्याय की मांग को लेकर मंगलवार को पीड़ित परिवार जिला मुख्यालय पहुंचा। यहां उन्होंने जिला प्रशासन को आवेदन देने की कोशिश, लेकिन यहां वह घंटों तक इधर उधर भटकते रहे।

## शाम होते ही हाट रोड में घुसना शुरू होते हैं भारी-भरकम वाहन

**गुना, देशबन्धु।** शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक हाट रोड पर भारी वाहनों के कारण स्थानीय लोगों में परेशानी बनी है। यहां भगवंती कॉलोनी के अंदर व्यापारियों की गोदाम होने के कारण शाम होते ही बड़े-बड़े कंटेनरों का आगमन शुरू हो जाता है। जिसके कारण यहां आएं दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लेकिन पुलिस है कि कोई कार्रवाई ही नहीं करती। गत दिवस नरियल लेकर एक बड़े कंटनेर बाईक सवार में टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अभय शर्मा निवासी उदासी आश्रम सदर बाजार ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह संघ कार्यालय से भोजन देकर अपनी एक्टिवा गाडी क्र. एमपी08एमव्ही0270 से घर तरफ जा रहा था। जैसे ही निचला बाजार पर पहुंचा तो ट्रक क्रमांक टीएन 52 जे 5180 के चालक ने ट्रक को तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया और एक्टिवा में साईड से टक्कर मार दी। दरअसल यहां शाम होते ही पूरे हाट रोड एवं भगवंती कॉलोनी के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश होता है। जो रोज किसी न किसी राहगीर को चोटिला करते हैं। इधर जिले के धरनावदा थानांतर्गत महाराज ढाबा के पास एबी रोड पर एक बाईक सवार को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश साहू रूठियाई से अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी08-8711 से गुना जा रहा थे। तभी शाम 7 बजे के करीब जैसे ही महाराज ढाबा एबी रोड के सामने पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 08 एमआर 2848 के चालक ने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिसमें मुकेश बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से शहर की निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## एनएफएल विजयपुर में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का हुआ समापन

**गुना, देशबन्धु।** नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की विजयपुर इकाई में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार भ्रष्टाचार का विरोध करें - राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया।

इसी क्रम में मानव संसाधन विकास विभाग के सम्मेलन कक्ष में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें एनएफ.एल के कर्मचारियों, सी.आई.एस.एफ. के जवानों, डी.पी.एस. के छात्र-छात्राओं तथा टॉउनशिप की महिलाओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण तथा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बांगर, कार्यकारी निदेशक द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इससे पूर्व सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत सभी कर्मचारियों द्वारा शपथ लेकर की गई।

गत दिवसों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, टाऊनशिप की महिलाओं में पोस्टर चित्रकारी, कर्मचारियों में निबंध लेखन, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी इत्यादि प्रतियोगिताओं व दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सतर्कता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त विजयपुर गांव में सतर्कता जागरूकता पर ग्राम सभा का आयोजन भी किया गया।

## विकास शिक्षा बेरोजगार के हाल बेहाल : चौहान



**आष्टा, देशबन्धु।** जैसे-जैसे चुनाव की तिथि 17 नवंबर करीब आती जा रही है। प्रत्याशी कोई भी समय गवाना नही चाहते हर पल एक ही तमन्ना लिए चल रहे हैं कि इस बार कांग्रेस कैसे जीते। इसको लेकर आष्टा विधानसभा के हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान के साथ सघन जनसंपर्क में गांव-गांव जा रहे हैं । और नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं । उसमें वह यहां बात बता रहे हैं वह कह रहे हैं कि आष्टा राजधानी भोपाल और औद्योगिक नगर इंदौर के बीच होने से आष्टा का स्थान प्रदेश के प्रमुख शहर में आता है तो सीधी सी बात है कि हमारे नगर और हमारे विधानसभा का महत्व बढ़ जाता है किंतु हम देखते हैं कि विगत 18 वर्षों में हमारे इस नगर और हमारे विधानसभा का क्या हुआ हुआ है। क्षेत्र से आने वाली जनता जब भाजपा का विधायक बनाती रही है और हमारे क्षेत्र के विकास से वंचित रह गया । आज हमारे यहां सरकारी शिक्षण संस्थान जैसे इंजीनियरिंग मेडिकल मैनेजमेंट से संबंधित कोई भी बड़ी संस्था नहीं बन पाई है ।

कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान के साथ जनसैलाब के साथ अरोलिया, लसूडलियापार, पटाड़ा, गुराड़िया कला, खजूरिया कासम, बालाखेड़ा, गुराड़ियाखुर्द, नीलबड़, बांदरिया डाल, पगारिया हाट, मंगल कोठरी, पीपलिया खाड़ी, कन्नौज मिर्जी नानकपुर मोलूखेड़ी लसूड़िया विजयसिंह आदि गांव का जनसंपर्क किया।

## प्रदेश की जनता सरकार परिवर्तन का मन बना चुकी हैं : पचौरी



**आष्टा, देशबन्धु।** प्रदेश की जनता भाजपा के 18 साल के लंबे कार्यकाल से जनता के प्रति शोषण, भ्रष्टाचार, महंगाई, महिलाओं पर अत्याचार एवं बढती बेरोजगारी से त्रस्त हो चुकि हैं। प्रदेश की जनता इस बार परिवर्तन का पूरी तरह से मन बना चुंकि हैं। कांग्रेस ने महिलाओ, किसान, मजदूर, शासकीय सेवको के हितो का ध्यान रखते हुए अपना घोषणा पत्र बनाया हैं। प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनना तय हैं। सरकार बनते ही महिलाओं को 1500 रूपये प्रतिमाह दिए जाऐगे।

घरेलू गैस सिलेंडर मात्र 500 रूपये में मिलेगा, किसानो के ऋृण माफ होगें, किसानो के गेहूं 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदे जाऐगें, 5 हार्सपावर तक के किसानो के सिंचाई कनेक्शन पर निशुल्क बिजली दी जाऐगी, 10 हार्सपावर पर 50 प्रतिशत बिजली बिल में छूट देगे। ऐसी कई योजनाऐं हैं जो प्रदेश की आम जनता के हित में हैं, उक्त आशय की चर्चा पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने आष्टा में पत्रकारो से चर्चा करते हुए की। खातेगांव से भोपाल जाते समय प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कैलाश परमार के निवास पर पत्रकारो से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी हार मान चुकी हैं, इसलिए वे प्रदेश की जनता की समस्याओं से प्रदेश की जनता का ध्यान हटाकर अन्य मुद्दो पर चुनाव को ले जा रहे हैं, जिसे मतदाता समझ रहा हैं। पूर्व केबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर शिवराज सरकार ने कमलनाथ कार्यकाल में जिन 1000 गौशालाओ का बंद कर दिया था, उन्हे फिर से चालू किया जावेगा। प्रदेश के कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन बहाल की जायेगी। सामाजिक सुरक्षा की राशि 600 रूपये से बढाकार 1200 रूपये की जाऐगी। 100 युनिट तक बिजली बिल माफ होगा तथा 200 युनिट का बिजली बिल हाफ किया जावेगा। उन्होने आगे कहा कि हम 18 साल की अराजकता से जनता को मुक्त कराने के लिए चुनाव में उतरे हैं। प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन रही हैं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कैलाश परमार, देवास जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मनोज राजानी, देवास ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पार्षद हिफुर्रहमान भैया मियां, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, पूर्व पार्षद सुनिल सेठी, नरेन्द्र कुशवाह, अनिल धनगर, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, बहादुर सिंह पटेल, मोहन सिंह अजनोदिया, वीजेन्द्र सिंह ठाकुर, दिलीप शर्मा, सुरेन्द्र परमार, सुनिल कचनेरिया, वीरेन्द्र परमार, पार्षद राजकुमार मालवीय, संतोष मालवीय आदि मौजूद थे।

## भाजपा एक परिवार की तरह है, हम सब कर्मठ सिपाही है : मालवीय



**आष्टा, देशबन्धु।** हम सब एक बड़े परिवार के निष्ठावान,कर्मठ सदस्य है,उस परिवार का नाम है भाजपा,इस परिवार को विजय दिलाना हम सब का एक मात्र लक्ष्य है,ओर उसी लक्ष्य को लेकर ये परिवार आपसे 17 नवम्बर मतदान दिवस तक का समय मांग रहा है,क्योकि जिस लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चल रहे है उस लक्ष्य तक पहुचने में मप्र में हो रहे विधानसभा के चुनाव सेमी फायनल है,उसके बाद फायनल लोकसभा का चुनाव हम सबके सामने आने वाला है। ये कहना है भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय का जो उन्होंने आज विधानसभा क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय चुनाव कार्यालय शगुन गार्डन आष्टा मे कार्यकर्ताओ के बीच कहे। आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता,सभी मंडल के अध्यक्ष,सभी संस्थाओं के जनप्रतिनिधि,पार्टी पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,सदस्य गण उपस्थित हुए । उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार की योजनाओ का प्रत्येक व्यक्ति को कही ना कही,किसी ना किसी रूप में लाभ निश्चित मिला है । हम सभी को अपनी केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां को आम जनता तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक को जिला प्रभारी बहादुरसिंह मुकाती, यूपी के विधायक सुनील शर्मा, धारासिंह पटेल,राकेश सुरणा, कैलाश बगाना,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, सोनू गुणवान,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,,आदि ने भी संबोधित कर सभी ने संकल्प लिया की अपने शहर गांव बुथ को मजबूत करके भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे और आष्टा में फिर से भाजपा का कमल खिलाएंगे।

## छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रंगोली बनाई



**आष्टा, देशबन्धु।** ग्रीन फील्ड कॉलेज ने स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता सबंधी प्रचार प्रसार की गतिविधियों के संचालन के अंतर्गत मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया रंगोली मै स्लोगन आदि के माध्यम से प्रेरक स्लोगन से प्रेरणा प्रदान करने वाली जन जागृति का कार्य किया संस्था डायरेक्टर धर्मेंद्र गौतम एवं बबिता गौतम ने उपस्थित छात्र छात्राओं एवं संस्था स्टाफ से कहा की हम सभी को प्रेरक प्रसंग के उदाहरण के माध्यम से कहा की सबसे बड़ा दान मतदान करना है। हम सभी को अपने स्वजन तथा आस पड़ोस मै जाकर मतदान के लिए सभी को कृत संकल्पित करें ओर प्रदेश के इस महायज्ञ मै सहभागी बने।

## राय का जनसंपर्क जारी

### मुख्यमंत्री आज करेंगे जनसभा को सम्बोधित



**सीहोर, देशबन्धु।** सीहोर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस मौके पर जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता शांति और सद्भाव की बात करता है। पिछले 10 सालों में क्षेत्र में विकास के कार्य हुए है और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आशीर्वाद से क्षेत्र की सभी बुनियादी समस्याओं का आवश्यकता अनुसार निराकरण हुआ है। देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों का बखूबी ध्यान दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधायक श्री राय के पक्ष में श्यामपुर में बस स्टैंड के पास मेन रोड क्षेत्र में शाम सात बजे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी विधायक श्री राय के साथ उत्साह से भरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ा, रसुलपुरा, अहमदपुर, सलेहपुर, बरखेड़ा हसन, काकूखेड़ी, सांकला, चरनाल, सुल्तानपुरा और अरनिया आदि में जनसंपर्क किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा हैं।

देशबन्धु
वर्ष – 34 | अंक – 309 | भोपाल, बुधवार 8 नवम्बर 2023 | पृष्ठ–8 | मूल्य – 3.00 रुपए

# विष्णु को तीसरी बार विधायक बनाओ, क्षेत्र में खेलों का विकास मैं करुंगा: अनुराग



**बैरसियाए देशबन्धु।** आप युवा और ऊर्जावान भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री को तीसरी बार विधायक बनाओ, मैं बैरसिया क्षेत्र में खेलों के क्षेत्र में इतना विकास करूंगा कि यहाँ के युवा खेलों में पदक हाँसिल करेंगे । यह बात केंद्रीय सूचना, प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रुनाह में भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

श्री ठाकुर ने कहा कि राजस्थान महिलाओं के साथ इतना अत्यचार हो रहा है कि आँकड़े किसी से छुपे नहीं है। इसके बाद भी प्रियंका गाँधी राजस्थान में नहीं जा रही है, क्योंकि वहाँ क्या जबाब देगी। इधर छत्तीसगढ़ में घोटाले पर घोटालो के बाद अब महादेव एप्प से करोड़ों का घोटाला कर डाला। लेकिन जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने है। तब से देश आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था में हम आज अंग्रेजों को पीछे छोड़ कर पांचवे स्थान पर है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि अपने बच्चों को खिलाड़ी बनाना चांहते है तो विष्णु खत्री को जिताकर हैट्रिक बनाओ।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने कहा कि हमने पूरे विधानसभा में तो विकास किया ही है। रुनाह में औद्योगिक क्षेत्र के लिए जगह चिन्हित हो चुकी है। आगामी समय में रुनाह को नगर पंचायत बनाने का प्रयास करेंगे। यहाँ पर महाविधालय बनाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष केदारसिंह मंडलोई, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, विधानसभा प्रभारी गोपाल सिंह मीणा, गोविंदराम गुर्जर, राजमल गुप्ता सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# चुनावी प्रशिक्षण में दूसरे दिन 72 कर्मचारी गायब रहे

## गैर हाजिर कर्मचारी 9 नवंबर को लेंगे प्रशिक्षण, वरना होंगे निलंबित



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में चुनावी प्रशिक्षण के दूसरे दिन कुल 72 कर्मचारी गायब रहे। इस तरह दो दिन में कुल 172 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। इनके लिए 9 नवंबर को प्रशिक्षण का कार्यक्रम तय किया गया है। यदि इसमें भी वे गायब रहते हैं तो निलंबित होंगे। इधर, पहले दिन परीक्षा में फैल होने वाले 98 कर्मचारियों ने मंगलवार को दोबारा प्रशिक्षण लिया। वहीं आज प्रशिक्षण के बाद परीक्षा देने वाले 42 कर्मचारी फैल हो गए। बुधवार को ट्रेनिंग का आखिरी दिन है।

मोतीलाल विज्ञान कॉलेज और महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में भोपाल के कुल 9 हजार 18 कर्मचारियों को 3 दिन तक चुनावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा उन्हें ईवीएम, मॉक पोल, वोटिंग, मतदान सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की प्रक्रिया सिखाई जा रही है। सोमवार को कुल 3 हजार 376 कर्मचारियों का प्रशिक्षण रखा गया था। लेकिन इनमें से 3 हजार 276 कर्मचारी मौजूद रहे थे, जबकि सौ कर्मचारी गायब थे। मंगलवार को कुल 3 हजार 288 मतदान कर्मियों ने प्रशिक्षण लिया। इस दिन 72 कर्मचारी गायब रहे। इस तरह दो दिन में कुल 172 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। इन्हें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने नोटिस थमाए हैं। वहीं, इनके लिए मोतीलाल विज्ञान कॉलेज में 9 नवंबर को दो पालियों में सुबह 8 से 12 एवं दोपहर 12 से 3 बजे पुन: प्रशिक्षण आयोजित गया है। अनुपस्थित मतदानकर्मियों को इसमें अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी यदि वे नहीं आते हैं तो उन्हें निलंबित किया जाएगा।

## बुज़ुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं पहली बार घर बैठे किया मतदान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग या फिर ऐसे मतदाता, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं और 17 नवंबर को मतदान केन्द्रों तक नहीं जा सकेंगे, उनके लिए पहली बार वोट फ्रॉम होम सुविधा दी जा रही है। यह सुविधा भोपाल में मंगलवार से शुरू हुई। इसके तहत मंगलवार को बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के 1 हजार 566 वोट डाले गए। पुलिस सुरक्षा के बीच मतदान दल ने ऐसे बुजुर्गों और दिव्यांगों के घर तक पहुंचकर मत पत्र डलवाए गए। पूरी प्रोसेस की वीडियोग्राफी भी हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय ने बताया भोपाल जिले की सभी 7 विधानसभाओं में 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के कुल 27 हजार 89 मतदाता हैं, जबकि 15 हजार 747 दिव्यांग मतदाता हैं। ऐसे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता, जो पोलिंग बूथ पर नहीं जा सकते, बीएलओ ने उनसे कुछ समय पहले फार्म भरवाए थे। इसी आधार पर आज से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू की गई। 8 और 9 नवंबर को भी मतदान लिए घर-घर टीमें पहुंचेंगी। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे।

# बीएसएनएल के नाम पर हो रही धोखाधड़ी, सलाह जारी




भोपाल, देशबन्धु। देश की प्रतिष्ठित दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से व्हटसअप पर केवायसी आद्यतन कराने का संदेश भेजकर ठगी करने वाले साइबर ठगों का निरोह सक्रिय है। इसकी जानकारी लगने पर बीएसएनएल प्रबंधन ने अपने उपभोक्ताओं को इस गिरोह से सतर्क करने की सलाह जारीकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साइबर ठग गिरोह के सदस्य बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को उनके व्हटसअप पर केवायसी आद्यतन कराने का संदेश पहुंचा रहे है। इस संदेश में केवायसी आद्यतन नहीं करने पर उनकी सेवाएं बंद करने की चेतावनी भी दी जा रही है। बताया जाता है कि इस संदेश के आधार पर लोग जब उनसे संपर्क करते है तो वे लोगों से उनके बैंक खाते से संबंधित गोपनीय जानकारी हांसिल कर लेते है और फिर खातों से रकम उड़ा देतेहै। इस तरह की धोखाधड़ी की शिकायत सामने आने पर बीएसएनएल प्रबंधन ने अपने उपभोक्ताओं के लिए सलाह जारी की है। बीएसएनएल ने कहा है कि उसके द्वारा ऐसे कोई संदेश नहीं पहुंचाए जा रहे। लिहाजा जालसाजों से सतर्क रहे और उनसे कोई भी जानकारी साझा न करें। इसके साथ ही इस तरह का संदेश प्राप्त होने पर निगम के कार्यालय व नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

# युवती को अगवा करने के बाद देवास में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु।** ईंटखेड़ी थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके दोस्त के खिलाफ अपहरण कर देवास में दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

ईंटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जनसिंह बरकड़े ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली 21 वर्षीय युवती बीएससी की पढ़ाई कर चुकी है। पढ़ाई के दौरान उसका गांव में रहने वाले युवक शैलेंद्र दुबे से परिचय हो गया था। लिहाजा उनके बीच फोन पर भी बात होने लगी थी। शैलेंद्र छह जुलाई को उसे घुमाने के बहाने से देवास ले गया था। वहां उसे एक मकान में रखने के बाद उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। उधर युवती के लापता होने पर स्वजन ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वहीं परिजनों के साथ पुलिस भी उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार को युवती अपने घर लौट आई। इसके बाद थाने पहुंचकर दर्ज कराए बयान में उसने बताया कि शैलेंद्र ने उसे देवास के एक मकान में बंधक बनाकर रखा था। इसके साथ ही उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने शैलेंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है।

उधर तलैया थाना पुलिस ने सईदिया स्कूल के पास रहने वाली एक 29 वर्षीय महिला की शिकायत पर उसके देवर के खिलाफ छेड़छाड़, धमकाने का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक महिला ने शिकायत में बताया कि उसका देवर कई दिनों से उसके प्रति बुरी नजर रख रहा था। चार नवंबर को देवर ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। विरोध करने पर मारने की धमकी दी। महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



भोपाल, बुधवार 8 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नरसंहार के एक महीने

इजरायल और हमास के बीच छिड़ी जंग को पूरे एक महीने हो गए हैं। पिछले महीने यानी 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था और इसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिना देर किए युद्ध का शंखनाद कर दिया था। उन्होंने अपनी प्रशासनिक और खुफिया असफलता के लिए इजरायल के लोगों से माफी मांगना जरूरी नहीं समझा, न ही उन्होंने इन सवालों की परवाह की कि इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद इस हमले की जानकारी क्यों नहीं जुटा पाई, किस तरह हमास इतना शक्तिशाली हो गया कि उसने इजरायल पर भीषण हमला बोल दिया। नेतन्याहू इन सवालों की पड़ताल करने के लिए पहले वक्त निकालते, तो शायद ऐसा नरसंहार नहीं होता, जो इस वक्त हो रहा है। तब शायद हमास के असली इरादे पता चलते और ये भी मालूम होता कि आखिर हमास ने इतनी ताकत और दुस्साहस किसके बूते जुटा लिया। लेकिन शायद नेतन्याहू को युद्ध के मैदान में उतरने की हड़बड़ी थी ताकि हमास के बहाने फिलिस्तीनियों को पूरी तरह खदेड़ कर अपना कब्जा स्थायी कर लिया जाए।

जिस हमास को खत्म करने की कसम खाकर नेतन्याहू ने युद्ध शुरु किया, वो अब भी बरकरार है। शायद हमास का अमृतकुंड किसी इजरायली बंकर में ही छिपा हो और इसलिए वो खत्म नहीं हो पा रहा है। लेकिन इसके नाम पर अब तक 10 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इनमें 6 हजार से अधिक बच्चे हैं। इन बच्चों में भी बहुत से ऐसे हैं, जिन्होंने अपने जीवन का एक साल भी पूरा नहीं किया, कुछ बच्चों को तो मां के पेट में ही इजरायल ने खत्म कर दिया, मानो उन अजन्मी संतानों में हमास का आतंकी रूप इजरायल को नजर आता है। खून, धूल, बारूद की गंध से लिपटे, रोते-बिलखते, डर से कांपते बच्चों की तस्वीरें और वीडियो देखकर किसी भी सामान्य इंसान की रूह कांप जाए। लेकिन युद्धोन्माद में कोई सामान्य कहां रह पाता है। इजरायली सैनिक अपने आका का हुक्म बजा रहे हैं और इजरायल अपने आका अमेरिका की फरमाबरदारी कर रहा है। बिना इस बात की परवाह किए कि उसके हाथों में इतना खून लग चुका है, जिसके दाग सदियों तक बरकरार रहेंगे।

आज इजरायल ने इतने फिलिस्तीनी नागरिकों को मारा, जिनमें इतने बच्चे, इतनी महिलाएं, इतने पत्रकार, इतने सैनिक, इतने डॉक्टर हैं, इजरायल ने आज अस्पताल को तबाह किया, आज राहत शिविर पर बम बरसाए, आज गजा पट्टी तक पहुंचने वाली बिजली, पानी की आपूर्ति रोक दी, आज संचार के साधनों को खत्म कर दिया, ऐसी ही खबरें रोजाना महीने भर से लगातार आ रही हैं। और इन खबरों को देखकर भी अगर हम सामान्य बने हुए हैं, तो फिर ये तय है कि हम मनुष्य कहलाने का हक खो चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिलिस्तीनियों को औसतन दिन में ब्रेड की दो स्लाइस और थोड़े से पानी में गुजारा करना पड़ रहा है। बहुतों को ये भी नसीब नहीं हो रहा है। निश्चित ही अमेरिका, इजरायल और इन देशों का साथ देने वाले तमाम सत्ताधीश आला दर्जे की संवेदनहीनता और क्रूरता दिखा रहे हैं। जिन लोगों को मासूमों की मौत, भूख-प्यास, बीमारी देखकर कोई फर्क नहीं पड़ रहा, जो खून की नदियों से धरती को मैला करने में लगे हुए हैं, क्या उन लोगों से न्याय और लोकतंत्र की रक्षा की उम्मीद की जा सकती है। किस तरह से ये तमाम शासनाध्यक्ष दुनिया से आतंकवाद मिटाकर शांति स्थापना का दावा कर सकते हैं, जबकि खुद इनके कृत्य किसी आतंकवाद से कम नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ को भी अमेरिका, इजरायल और उनका साथ देने वाले तमाम देशों ने बेमानी बना दिया है। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बार-बार शांति की अपील कर रहे हैं। मानवीय आधार पर युद्धविराम की बातें कर रहे हैं। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, जर्मनी तमाम देशों में लगातार आम जनता फिलिस्तीनियों के लिए आवाज उठा रही है। खुद इजरायल की जनता नेतन्याहू की युद्धनीति का विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आई है। लेकिन फिर भी इजरायल युद्धविराम के लिए तैयार नहीं है और उधर जो बाइडन कह रहे हैं कि पूरे युद्धविराम की जगह मानवीय जरूरत के लिए छोटे विराम लिए जाएं। इस तरह के बयानों से अमेरिका की असली नीयत समझ आ जाती है। मानवीय जरूरत तो यही है कि किसी भी हाल में युद्ध तुरंत बंद हो और नरसंहार पर रोक लगे। छोटे विराम जैसा कोई विकल्प होना ही नहीं चाहिए। मगर युद्ध रुका तो नेतन्याहू के फिलिस्तीन पर कब्जे के मंसूबे धरे रह जाएंगे। इसलिए अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए इजरायल युद्ध किए जा रहा है और अमेरिका अपनी मदद जारी रखे हुए है।

दुनिया भर के कई राजनेता अपनी सरकारों से अलग राय रखते हुए इजरायल को आतंकी राष्ट्र घोषित करने की मांग उठा चुके हैं। नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों का मुकदमा चलाने की मांगें हो रही हैं। यह देखना दुखद है कि इंसानियत के इस मुश्किल वक्त में भारत का नेतृत्व करने वाली मोदी सरकार ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत की और इसमें दोनों देशों के संबंधों पर चर्चा के साथ ही फिलिस्तीन के हालात पर भी चर्चा हुई। जिसमें राष्ट्रपति रईसी ने श्री मोदी को 'पश्चिमी उपनिवेशवाद के खिलाफ़ भारत के संघर्ष' और 'गुट-निरपेक्ष आंदोलन का संस्थापक देश होने' की याद दिलाई। रईसी ने कहा, 'आज भारत से उम्मीद है कि वह ग़ज़ा के बाशिंदों के खिलाफ़ ज़ायनवादियों के अपराधों को रोकने के लिए अपनी पूरी क्षमताओं का इस्तेमाल करे।

ईरान ने मोदी सरकार को भारत के इतिहास और विदेश नीति का वो अध्याय याद दिलाया, जिसके बूते दुनिया में भारत के नाम की साख बनी हुई थी। लेकिन अफसोस कि मोदी सरकार ने सायास उस अध्याय को बंद करने की कोशिश की है। गुटनिरपेक्षता आंदोलन को औपचारिकता के फ्रेम में जकड़ दिया है और कुछ व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए श्री मोदी इजरायल या अमेरिका के कृत्यों पर खुलकर बोल भी नहीं रहे हैं। इजरायली सरकार के अपराधों पर अमेरिका से लेकर भारत तक का यह ढीला रवैया समूची मानवता के लिए भारी पड़ेगा।

# इन चुनावी संकेतों से उभरती भावी सियासी तस्वीर

छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 तथा मिजोरम की सभी 40 सीटों के लिये मंगलवार को मतदान होने के साथ ही पांच राज्यों के लिये निर्धारित विधानसभा के चुनावों को लेकर जो कयास लगाये जा रहे हैं; और जो संकेत मत सर्वेक्षणों (ओपिनियन पोल) से मिल रहे हैं, उनसे देश की एक नयी भावी तस्वीर स्पष्टता के साथ उभरती नज़र आ रही है। इसके अलावा जमीनी हकीकतों से रूबरू हो रहे तमाम राजनीतिक पण्डित तथा विश्लेषक भी इशारे कर रहे हैं कि इन राज्यों के नतीजे जो आएंगे उसके बाद देश की सियासत वैसी नहीं रहेगी जैसी आज है। उपरोक्त दो प्रदेशों के अलावा राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी चुनाव हो रहे हैं जो अलग-अलग तारीखों पर निपट जायेंगे। सारे के सारे इसी माह होंगे और उनके परिणाम आयेंगे 3 दिसम्बर को।

यह ऐसा चुनाव है जिसमें पांचों राज्य विभिन्न कारणों से बेहद महत्वपूर्ण हो गये हैं। महत्ता की दृष्टि से इसका क्रम नहीं ठहराया जा सकता जो सामान्य तौर पर एक साथ कई राज्यों में होने वाले चुनावों के समय निर्धारित किये जा सकते हैं। मसलन, फरवरी 2022 में जब पांच सूबों की विधानसभाओं के चुनाव हुए थे तो उन पर होने वाली चर्चाओं के दौरान प्रकारान्तर से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर का क्रम सियासी महत्व के अनुसार निर्धारित होता था। हिन्दी पट्टी का प्रमुख राज होने के नाते और एक अलग तरह की राजनीति व प्रशासन चलाने वाले उप्र को सर्वाधिक अहमियत थी, तो हिन्दुत्व की नयी प्रयोगशाला के रूप में बन रहे उत्तराखंड का क्रमांक दूसरा था। कांग्रेस की उथल-पुथल और भारतीय जनता पार्टी व अकाली दल के अलगाव के बाद होने तथा आम आदमी पार्टी के वहां जोर-शोर से चुनाव लड़ने के कारण उस चुनाव का भी महत्व था परन्तु वह राज्य तीसरे ही नंबर पर था। पहले 2017 में बनी जहां की सरकार (गोवा) को भाजपा ने कांग्रेस से छीनकर बनाया था, उसकी ओर लोग उत्सुकता से देख तो रहे थे पर वह चौथा ही महत्वपूर्ण राज्य था। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर को आखिरी क्रमांक पर रखा गया था।

इस बार ऐसा बिलकुल नहीं किया जा सकता। अब कोई नहीं कह सकता कि कौन सा राज्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और कौन सा सबसे कम। मिजोरम को ही लें! जब चुनावों की घोषणा हुई थी तो लगता था कि यह इन सभी में सबसे कम महत्वपूर्ण है, परन्तु जैसे-जैसे मणिपुर की घटनाओं की आंच उस राज्य ने महसूस की, वहां राहुल गांधी का दो दिवसीय दौरा हुआ, सभी राज्यों में धुंआधार प्रचार करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उससे दूरी बना ली तथा मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने साफ कर दिया कि वे मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे- मिजोरम भी अपने



डॉ. दीपक पाचपोर

**हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ सबसे छोटा राज्य है जिसके बारे में इसलिये सबसे कम चर्चा हो रही थी क्योंकि वहां एकतरफा मुकाबला माना गया था। कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत स्वीकारी जा चुकी थी। ऐसा इसलिये क्योंकि इस राज्य में 90 की विधानसभा में उसके 71 विधायक हैं और सरकार का काम भी शानदार माना जाता है जिसका उल्लेख कांग्रेस द्वारा अपने वादों व गारंटियों की विश्वसनीयता साबित करने के लिये किया जाता है।**

मायनों में यह छोटा राज्य होने के बावजूद बेहद महत्वपूर्ण हो उठा क्योंकि इन घटनाक्रमों के आलोक में वह समग्र पूर्वोत्तरवासियों की मानसिकता का अक्स बन बैठा- सात राज्यों का भी। दक्षिणी राज्य तेलंगाना की बात करें तो यहां पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला था लेकिन जब वहां भी राहुल ने कई दिन बिताए तत्पश्चात बीआरएस व वहीं की आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के साथ भाजपा की सांठ-गांठ को उजागर किया तो भाजपा दौड़ से ही बाहर हो गई। अब बीआरएस सत्ता बचाने के लिये कांग्रेस से संघर्षरत है। लोगों का कहना है कि अगर वहां बीआरएस हारती है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। पिछले साल सितम्बर से निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा में राहुल ने तेलंगाना में करीब 16 दिन बिताए थे, जिसका असर वहां पहले से मौजूद था।

हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ सबसे छोटा राज्य है जिसके बारे में इसलिये सबसे कम चर्चा हो रही थी क्योंकि वहां एकतरफा मुकाबला माना गया था। कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत स्वीकारी जा चुकी थी। ऐसा इसलिये क्योंकि इस राज्य में 90 की विधानसभा में उसके 71 विधायक हैं और सरकार का काम भी शानदार माना जाता है जिसका उल्लेख कांग्रेस द्वारा अपने वादों व गारंटियों की विश्वसनीयता साबित करने के लिये किया जाता है। यहां भाजपा का ध्रुवीकरण, साम्प्रदायिकता और धर्मांतरण का मुद्दा लाख कोशिशों के बावजूद नाकाम रह गया है। उसे यहां उग्र बयान देने वालों की फौज उतारनी पड़ी है। साथ ही, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का जिस कदर मुकाबला कांग्रेस कर रही है उसने भी अन्य राज्यों की इकाइयों को बताया कि भाजपा से ऐसे भी लड़ा जा सकता है। अब छग का राजनैतिक मॉडल हर चुनावी चर्चा का अनिवार्य हिस्सा बन गया है। इसने छग का महत्व यकायक बढ़ा दिया है। अब रही बात मध्यप्रदेश व राजस्थान की तो यह अलग-अलग संदर्भों में और व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह दोनों में किसे अधिक महत्व देता है। दोनों ही राज्यों में अनेक एक सरीखे तथ्य हैं, बावजूद इस फर्क के कि एक जगह पर (मप्र) भाजपा सत्ता बचाने की जद्दोजहद में है तो दूसरी जगह (राजस्थान) सरकार बनाने की। दोनों राज्यों में दोनों प्रमुख दलों- कांग्रेस व भाजपा में कम या ज्यादा बगावतों व भीतरघातों का सिलसिला जारी है लेकिन उनका खामियाजा भाजपा के ही अधिक भुगतने के संकेत साफ हैं। दोनों राज्यों में आलाकमान ने बड़े पैमाने पर केन्द्रीय मंत्रियों एवं नेताओं को विधायकी के रणक्षेत्र में उतारकर स्थानीय नेतृत्व व काडर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं जिसका दोनों जगहों पर कांग्रेस को फायदा होता दिख रहा है। वैसे यह भी सच है कि जहां कांग्रेस अपने अंदरूनी झगड़ों को सम्भालने में नाकाम रहेगी वहां उसकी मुश्किलें बढ़ेंगी। अलबत्ता, उसकी बेहतर होती स्थिति उसे अपने आंतरिक मतभेदों पर काबू पाने या उसके असर को घटाने में सहायक साबित हो रही है। इस तरह एक साथ सारे के सारे राज्यों के महत्वपूर्ण कहे व माने जा चुके इन चुनावों की श्रृंखला में किसी भी कड़ी को कमजोर नहीं कहा जा सकता। कुल जमा, सभी राज्यों में कांग्रेस की बढ़त बनी हुई है और भाजपा की पतली हालत है। इन सभी प्रदेशों में राहुल गांधी, कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी की होने वाली सभाओं और रोड शो ने रातों-रात फर्क पैदा किया है। इन चुनावों के परिणामों के बाद बामुश्किल छह माह के भीतर ही देश आम चुनावों में जायेगा। पहले दिन से तय है कि उसकी नियति को ये नतीजे निर्धारित करेंगे। इसलिये हाल ही में कांग्रेस की अगुवाई में बने संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) में उठे कुछ विवादों व मतभेदों से भाजपा को काफी उम्मीद थी। अब भी होगी कि इन राज्यों के चुनावों के दौरान अगर गठबन्धन में कोई टूट-फूट होती है तो उसका उसे 2024 के लोकसभा चुनावों में फायदा मिल सकता है परन्तु उसे निराशा ही हाथ लगी होगी क्योंकि मतभेद होते भी हैं तो तत्परता से सुलझाये जा रहे हैं। अब भी साथ काम करने का आश्वासन भी सभी सम्बन्धित दल दे रहे हैं। मसलन, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच मध्यप्रदेश के कुछ चुनावी मसलों पर तनातनी हुई परन्तु उसे सुलझा लिया गया। ऐसे ही, बिहार के सीएम नीतीश कुमार को शिकायत थी कि कांग्रेस के पास इंडिया गठबन्धन की ओर ध्यान देने का समय नहीं मिल रहा नहीं है। मल्लिकार्जुन खरगे ने आश्वस्त कर दिया कि विधानसभा चुनावों के बाद वे सभी को साथ लेकर 'इंडिया' को आगे बढ़ाएंगे। यही नयी तस्वीर अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा की कमजोर स्थिति को लेकर उभरेगी।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# आरएसएस : 'भावनात्मक एकता' के बहाने यथास्थिति कायम रखने की कोशिश

वर्तमान सत्ताधारी दल सहित हिन्दू राष्ट्र की कायमी के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली कई अन्य संस्थाओं से मिलकर बने संघ परिवार के मुखिया हैं मोहन भागवत. ये संस्थाएं शिक्षा, राजनीति, सामाजिक गतिविधियों आदि में संलग्न हैं। भागवत संघ परिवार को विजयादशमी (दशहरा) के दिन मार्गदर्शन देते हैं। विजयादशमी का यह भाषण उस बहुसंख्यकवादी हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति की विचारधारा और राजनैतिक एजेंडा को प्रतिबिंबित करता है, जिसका नेतृत्व संघ परिवार के हाथों में है।

इस वर्ष (2023) के 24 अक्टूबर को उन्होंने अपने भाषण में केवल शब्दों के कुछ हेरफेर के साथ ऐसी कई बातें कहीं जिन्हें द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थाट्स' में निरूपित किया था. इस पुस्तक में गोलवलकर लिखते हैं, 'मुस्लिम, ईसाई और कम्युनिस्ट हिन्दू राष्ट्र के लिए आंतरिक खतरा हैं?' छलपूर्ण भाषा में भागवत ने कहा कि 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद एक खुदगर्ज और धोखेबाज ताकत है जो मीडिया और शिक्षण के क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित कर देश को विभाजित करना चाहती है।'



राम पुनियानी

**मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भोंपू बन गया है। ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है।**

उन्होंने आगे कहा, 'ये शक्तियां कुछ उत्कृष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का दावा करती हैं लेकिन उनका वास्तविक लक्ष्य दुनिया की व्यवस्था एवं नैतिकता, परोपकार, संस्कृति, गरिमा और संयम को अस्त-व्यस्त करना है।' उन्होंने यह भी कहा कि, 'ये विध्वंसक शक्तियां अपने आप को 'वोक' या मार्क्सवादी बताते हैं...विश्व की सभी सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार, तथा संयम से उनका विरोध है..। माध्यमों तथा अकादमियों को हाथ में लेकर देशों की शिक्षा, संस्कार, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम एवं भ्रष्टता का शिकार बनाना उनकी कार्यशैली है।'

'वोक' शब्द मौजूदा दौर में सांस्कृतिक चर्चाओं के केन्द्र में रहा है। इसकी जड़ अफ्रीकी-अमेरिकियों की स्वयं को नस्लवाद के चंगुल से निकालकर समानता हासिल करने की ललक में है। यह शब्द लोकतंत्र के आगाज़ के पूर्व के तानाशाही के दौर की पितृसत्तात्मकता, नस्लवाद और वर्णों से संबंधित ऊंच-नीच द्वारा खड़ी की गई रुकावटों पर विजय हासिल करने का प्रतीक भी है।

यह कहा जा सकता है कि यह शब्द अब सारी दुनिया में प्रचलित हो गया है। यूरोप और आस्ट्रेलिया में रूढ़िवादी राजनीतिज्ञ 'वोक' के समावेशिता के विचार का उपहास करते हैं और इसके आधार पर लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण का विरोध करते हैं। बीबीसी की डाक्यूमेन्ट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' (मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में गुजरात में हुई हिंसा पर बनी डाक्यूमेन्ट्री जिस पर भारत में पाबंदी लगा दी गई है) के बारे में टिप्पणी करते हुए आरएसएस नेता राम माधव ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखा कि बीबीसी का यह 'पतन' ब्रिटेन के संभ्रात वर्ग में 'वोक संस्कृति' के उदय के कारण हुआ है. जो राम माधव यह मानते हैं कि 'द मोदी क्वेश्चन' का प्रसारण करने से बीबीसी का 'पतन' हुआ है वे ही राम माधव सरसंघचालक के 'जड़ों' की ओर लौटने (संक्षेप में मनुस्मृति के मूल्यों के इर्दगिर्द जाने) के आह्वान का समर्थन करते हैं और सांस्कृतिक मार्क्सवादियों पर हमारे शिक्षण संस्थानों और मीडिया पर कब्जा करने का आरोप लगाते हैं। उनके अनुसार सांस्कृतिक मार्क्सवादियों ने ऐसा आख्यान विकसित किया है जिसमें हिन्दू धर्म को उच्च जातियों की प्रभुता के रूप में परिभाषित कर हिंदुत्व और जाति या जाति प्रथा को दमनकारी और शोषक निरूपित किया गया है। माधव के अनुसार जातिगत जनगणना विभाजनकारी है।

सच यह है कि स्वाधीनता संग्राम के दिनों से ही मार्क्सवाद से प्रभावित लोग समानता के लिए सामाजिक परिवर्तन के हामी रहे हैं। भगतसिंह और उनके साथियों ने समानता की बात थी। औद्योगीकरण और शिक्षा के प्रसार के साथ प्रगतिशील ताकतों ने उस विचारधारा को उखाड़ फेंकने की वकालत की जो सामंती समाज से हमें विरासत में मिली थी और जो वर्गीय, जातिगत और लैंगिक ऊंच-नीच पर आधारित थी। कम्युनिस्टों के अलावा, जोतीराव फुले और आंबेडकर के नेतृत्व वाली धारा ने भी उस दमनकारी व्यवस्था को चुनौती दी, जिसमें ऊंची जातियों के पुरुष दलितों और महिलाओं पर अपना प्रभुत्व जमाते थे और जिसमें पितृसत्तात्मक मूल्यों की प्रधानता थी। गांधीजी के नेतृत्व वाले स्वाधीनता आन्दोलन ने भी इन मुद्दों को उठाया और दमनकारी सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ विद्रोह को व्यापक स्वरूप देने का प्रयास किया और उसे स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग बनाया।

अभिव्यक्ति की आज़ादी के लिए संघर्ष भी स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग था और लोकमान्य तिलक से लेकर गांधीजी और उनसे लेकर नेहरु तक सभी ने इसका समर्थन किया। प्रगतिशील वर्गों ने विश्वविद्यालयों में शिक्षण और लेखन व भाषणों के ज़रिए अपने विचारों को आम लोगों तक पहुंचाया।

इन लोगों ने अपनी बौद्धिक आज़ादी का उपयोग कर हमारी शिक्षा प्रणाली को प्रजातान्त्रिक नींव दी और वे जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे बौद्धिक उत्कृष्टता के केन्द्रों की स्थापना में सहायक बने। इस संस्थान ने जबरदस्त प्रतिष्ठा अर्जित की और देश को अनेक लेखक, नौकरशाह और पुलिस अधिकारी दिए. निश्चित रूप से भागवत और माधव का यह दावा सही नहीं है कि शिक्षा के केन्द्रों में घुसपैठ करने का कोई योजनाबद्ध प्रयास किया गया, जिसके चलते हम 'अपनी जड़ों' से दूर चले गए। उनके लिए तो पूरा स्वाधीनता संग्राम ही 'हमारी जड़ों से दूर जाना था।'

हिन्दू राष्ट्रवादियों के इस दावे में भी कोई दम नहीं है कि मार्क्सवादियों की दृष्टि में हिन्दू धर्म का अर्थ था उच्च जातियों की प्रभुता। यह हिन्दू राष्ट्रवादियों की हमारे अतीत की सतही समझ को दर्शाता है। वे भूल जाते हैं कि आंबेडकर (चुनाव में लाभ प्राप्त करने के लिए जिनकी शान में हिन्दू राष्ट्रवादी कसीदे काढ़ रहे हैं) ने कहा था कि हिन्दू धर्म में ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला है। दलितों को समानता का अधिकार न देने के प्रति कटिबद्ध कट्टरपंथी हिन्दू धर्म के सिद्धांतों से आंबेडकर इतने आहत थे कि उन्होंने न केवल सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति का दहन किया बल्कि यह घोषणा भी की कि, 'मैं हिन्दू के रूप में पैदा हुआ था। वह मेरे हाथ में नहीं था। परन्तु मैं हिन्दू के रूप में मरूंगा नहीं।' इसी कारण आंबेडकर उन 'जड़ों' से दूर चले गए थे, जिनका गुणगान भागवत और माधव कर रहे हैं।

वोक, जो कि सामाजिक ऊंच-नीच की बेड़ियों को तोड़ देना चाहता हैं, को भागवत एंड कंपनी नीची निगाहों से देखते हैं। उदारवादी भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहते हैं और वे संयुक्त राष्ट्रसंघ के मानवाधिकार घोषणापत्र के मूल्यों का सम्मान करते हैं। इसके विपरीत, आरएसएस ने अत्यंत योजनाबद्ध तरीके से सरस्वती शिशु मंदिरों की श्रृंखला की स्थापना की है, जिनका पाठ्यक्रम जातिगत और लैंगिक पदक्रम का समर्थन करता है। संघ के 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' ने वेंडी डोनिगर के तार्किक और विद्वतापूर्ण लेखन का विरोध किया। एक अन्य संघी संगठन ने एके रामानुजन के लेख 'थ्री हंड्रेड रामायाणास' को पाठ्यक्रम से बाहर करवाया। यह लेख हमारी विविधवर्णी संस्कृति को समझने में हमारी मदद करता है। और ये तो केवल चंद उदाहरण हैं।

उदारवादी मूल्य देश को नहीं बांट रहे थे। वे तो पितृसत्तात्मकता और जाति प्रथा से मुक्ति की बात करते हैं। देश को जो बांट रहा है वह है आरएसएस शाखाओं, उसके लाखों स्वयंसेवकों और हजारों प्रचारकों द्वारा किया जा रहा अल्पसंख्यक-विरोधी दुष्प्रचार। जहां तक मीडिया पर नियंत्रण का सवाल है, उसके बारे में जितना कहा जाए, वह कम है। सन् 1977 में जनता पार्टी की सरकार में लालकृष्ण अडवाणी के सूचना और प्रसारण मंत्री बनने के बाद से आरएसएस के स्वयंसेवकों का मीडिया संस्थानों में घुसपैठ करने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब भी जारी है। मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भोंपू बन गया है।

ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है। कहने की ज़रूरत नहीं कि आरएसएस, सामाजिक न्याय का घोर विरोधी है।

## पावन प्रसंग

# भले और नेक बनिए

नेकी की हर जगह सराहना होती है, किन्तु वह सज्जनता और भी अधिक सराहनीय हे, जिसके साथ नम्रता जुड़ी हुई हो। उद्दंडता ओछे लोग अपनाते हैं। अहंकार व्यक्त करके किसी का घटियापन ही सिद्ध होता है।

टेनीसन ने कहा है- नम्रता एक कल्पवृक्ष है, जिस पर सद्गुणों की टहनियां निकलती और विभूतियों की पत्तियां उगती है। ईसा कहते थे- नम्र बनकर रहो। जो अपने को जितना छोटा कहेगा, वह दूसरों की आंख में उतना ही बड़ा बनेगा।

जिसका 'स्व' संकीर्णता की परिधि से निकलकर व्यापकता के क्षेत्र में प्रवेश करता है, उसका स्वार्थ परिष्कृत स्तर का बनकर परमार्थ का रूप धारण करता है। अपना हित साधने की चिंता और चेष्टा हर किसी को रहती है। यह अपनापन यदि कुछ अधिक विस्तृत बन सके तो दूसरों की चिंता तो इसी प्रकार करनी पड़ेगी, जैसे अपने अंग-अवयवों की या कुटुंब संबंधियों की करनी पड़ती है। यह वह स्थिति है, जिसमें परमार्थ में स्वार्थ और स्वार्थ में परमार्थ का समावेश होता है।

परमार्थ के लिए धन-संपदा का होना आवश्यक नहीं। श्रम, समय, प्रभाव, चिंतन और परामर्श जैसे कितने ही आधार है, जिनकी सहायता से दूसरों की प्रचुर सेवा-साधना संभव हो सकती है। ईश्वरप्रदत्त वैभव मनुष्य की काया और चेतना परिमाण में विद्यमान है। इसे पुण्य-प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त करते रह सकना हर उदारचेता के लिए सहज संभव हो सकता है। धन भी श्रम की परिणति है। जितना उपकार आर्थिक अनुदानों से हो सकता हे, उससे अनेक गुना बौद्धिक अनुदानों से हो सकता है। परामर्श और सहयोग का महत्व भी आर्थिक सहायता से किसी प्रकार कम नहीं। लोग आर्थिक कठिनाइयों से ही दु:खी नहीं है। अधिकांश ऐसे हे, जो भटकाव या अत्याचार से ग्रसित होकर कष्ट सहते हैं।

नेकी का बदला हाथोंहाथ मिलता है। जिसके साथ भलाई की गई हे, संभव है कि वह बदला लेने की स्थिति में न हो। तो भी उस सहायता को देखकर अनेकों को अपनी सज्जनता का पता चलेगा और ये अवसर पाने पर अपने साथ भलाई का ही व्यवहार करेंगे। फिर अपनी आत्मा को जो भी संतोषभरी प्रसन्नता होती हे, वह भी कुछ कम महत्व की नहीं। प्रसन्नता खरीदने के लिए कुछ-न-कुछ खरच करना पड़ता है। बिना खरच किए तो यहां किसी को कुछ नहीं मिलेगा। यहां तक कि बुराई भी श्रम लगाने और समय गंवाने से ही मिलती है। ऐसी दशा में यदि नेकी के निमित्त समय, श्रम या धन लगाया गया है और उसके बदले अपना मनोबल बढ़ा है तो यह घाटे का सौदा नही है। भलाई वह बीज है, जो उगे बिना रहता नहीं, उस पर अच्छे और मीठे फल आते हैं, भले ही उसमें कुछ देर लगे।

-युग निर्माण योजना

## आपके पत्र

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से विनाश की तरफ बढ़ता पहाड़ी क्षेत्र

विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2020 के अनुसार अगले 10 दशकों में शीर्ष जोखिमों में जलवायु परिवर्तन शामिल हो सकते हैं। यह जोखिम मानवजनित, पर्यावरणीय आपदाएं, जैव विविधता हानि व मौसमी घटनाएं हो सकती हैं। दरअसल पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रकृति और मानव के बीच तालमेल होना अत्यंत ही आवश्यक है। यह सिक्के के दो पहलू की भांति है। किसी एक में होने वाली कमी दूसरे को प्रभावित करती है। पिछले कई दशकों से मानव गतिविधियां जलवायु परिवर्तन का प्रमुख चालक रही हैं। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण,वनोन्मूलन व रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों का प्रयोग जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारक के रूप में देखे जा सकते हैं और इन कारकों का जनक मानव है। आधुनिकता व बढ़ती जनसंख्या के साथ तेजी से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है जो भविष्य में किसी विनाश का सूचक हो सकता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से न केवल मानव, बल्कि वन्य जीवों पर भी इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। जाने माने फोटोग्राफर और पर्यावरणविद पद्मश्री अनूप साह बताते हैं कि जिस ज्योलीकोट और सातताल जैसे क्षेत्र जो कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता व वन्य प्राणियों की फोटोग्राफी के लिए देसी व विदेशी फोटोग्राफरों को सालों भर आकर्षित करते थे, वही आज विकास की भेट चढ़ कर गुमनामी में खो गये हैं। अन्तरराष्ट्रीय फोटोग्राफर होने के नाते अपने अनुभवों को साझा करते हुए वह बताते हैं कि उनके द्वारा जिस मनोहारी जंगल व कई वन्य जीवों के दृश्यों को कैमरे में कैद किया गया था, आज जलवायु परिवर्तन व मानव हस्तक्षेप के चलते उनमें से कई प्रजातियां विलुप्त सी हो गई हैं। अनूप साह बताते हैं कि प्रकृति का दोहन सबसे अधिक वन्य जीवों के आवास के लिए भंयकर सिद्ध हो रहा है। सरकारी योजनाओं के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसी प्रजातियों को रोपित किया जा रहा है जो इकालॉजी को बदल रही हैं। यह अत्यंत ही गंभीर विषय है। जिस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इसके और भी अधिक दुष्परिणाम हो सकते हैं।

मानव वन्य जीवों में संघर्ष बढ़ने लगे हैं। मानव द्वारा जंगलों को काटकर आबादी क्षेत्रों में तब्दील कर दिया जा रहा है। वन्य जीवों को उनके घरों से बेघर किया जा रहा है। जिसके चलते सीमित स्थान होने से जानवरों द्वारा मानव बस्तियों पर हमला कर मानव को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। भारत में पाई जाने वाली 1300 पक्षियों की प्रजातियों में अकेले 700 से अधिक प्रजातियां केवल उत्तराखंड में ही पाई जाती हैं। परंतु, विगत कई वर्षो से प्रकृति दोहन के चलते इनके प्राकृतिक वास समाप्त हो गये हैं और अब इन प्रजातियों की आधी संख्या ही देखने को मिल रही है। कठफोड़वा ऐसा पक्षी जो आवाज और सुन्दरता के चलते सभी का ध्यान अपनी ओर आर्कषित करता था। यह भी अब कम ही दिखाई दे रहे हैं। वहीं गौरैया की प्रजातियां जो कभी पूरे राज्य में दिखाई देती थी वह भी अब न के बराबर रह गई है। मानव का प्रकृति में हस्तक्षेप जल्द ही कई पशुओं व पक्षियों की प्रजातियों को धरती से विलुप्त कर देगा।

वनों के दोहन पर अपने विचार रखते हुए ओखलकांडा के पर्यावरणविद् चन्दन नयाल का कहना है- पर्वतीय क्षेत्रों में विकसित हो रही अलग-अलग प्रजातियां संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को बदल रही हैं। वहीं आरामदायक जीवनयापन के लिए आवश्यक सामग्री निर्माण हेतु न जाने कितने पेड़ों का कटान किया जाता है। शुद्ध हवा, स्वच्छ जल और शान्ति के चलते पहाड़ों पर घर बनाना सबका सपना बन रहा है।

**बीना बिष्ट, हल्द्वानी उत्तराखंड**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### नेशनल गेम्स में कावेरी और शिवानी ने प्रदेश को दिलाया गोल्ड



**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** 37 वें नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में किया गया। इस 37वें नेशनल गेम्स में 500 मीटर कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में भेरून्दा के ग्राम मंडी निवासी कावेरी और उसकी सहायोगी शिवानी वर्मा ने प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीता। कावेरी ने अक्टूबर 2021 में हिमाचल प्रदेश में हुई 31 वीं राष्ट्रीय सीनियर कैनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया थ और सात स्वर्ण पदक अर्जित किए थे। इसके अलावा भी कावेरी ढीमर ने कैनोइंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण और रजत पदक जीते है। उल्लेखनीय है की गोवा में 26 अक्टूबर से 9 नवंबर तक 37वें नेशनल गेम्स का आयोजन किया गया।

### रोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचानालय मध्यप्रदेश 67 वीं राज्य स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता सारंगपुर जिला राजगढ़ में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं प्रतियोगिता अपने नाम की। इस प्रतियोगिता में शुभम् कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र रोहित गोस्वामी कक्षा12वीं ने बालक वर्ग की टीम की कप्तानी करते हुए उच्चतम प्रदर्शन किया। इस पर विद्यालय के संचालक विजेंद्र कुमार शर्मा, प्राचार्य गौरी सिंह जादौन एवं समस्त शिक्षकों ने रोहित को शुभकामनाएं दी।

### मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न, पोस्टल बैलेट से किया मतदान



**सिरोंज, देशबन्धु।** शा. एल. बी. एस. कॉलेज में 93 मतदान दलों में लगे 372 कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। इसके अलावा पोस्टल बैलेट के द्वारा मतदान करने हेतु कर्मचारियों ने कतारबद्ध होकर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की और अपने मताधिकार का उपयोग किया गया। यह जानकारी एसडीएम हर्षल चौधरी ने दी।

### डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए नगर परिषद ने शुरू की चालानी कार्रवाई

**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर में डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए नगर परिषद भेरूंदा द्वारा सघन जांच एवं चालानी कार्रवाई अभियान चलाया गया। जिसमें नगर परिषद सीएमओ प्रफुल्ल गठरे के द्वारा निरीक्षण करने पर भोपाल रोड पर शकील खान के द्वारा अपनी दुकान के टायरों में पानी भरा पाया गया। जिसके कारण 200 रु.की चालानी कार्रवाई की गई एवं बस स्टैंड पर अनिल शर्मा और प्रेम पवार के द्वारा अपनी दुकान के सामने सीमेंट की टंकी में पानी भरा हुआ पाया गया। जिसमें लार्वा पाया गया। जिसके अंतर्गत 400 की चालानी कार्रवाई की गई। अन्य जगहो पर पानी की टंकी रखने पर सावधानी बरतने का आदेश दिया गया। शारदा विद्या मंदिर स्कूल एवं विद्यासागर हायर सेकेंडरी स्कूल में जाकर नगर परिषद की टीम ने जायजा लिया और स्कूल प्रिंसिपल को समझाया कि सावधानी बरते ताकि किसी भी बच्चे को डेंगू, मलेरिया का प्रकोप ना हो सके। अभियान मे नगर परिषद सीएमओ प्रफुल गठरे, आर. आई. मनोज पासी, स्वच्छता प्रभारी अशरफ खान, सफाई दरोगा जय नारायण काचले, वार्ड प्रभारी सहायक नदीम खान आदि मौजूद रहे।

निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

# प्रेक्षक ने सांची विधानसभा में अनेक मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के संदर्भ में जिले के विधानसभा क्षेत्र 141-भोजपुर और 142-सांची के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार द्वारा मंगलवार को सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पग्नेश्वर, मेढ़की, ढकना चपना, बेरखेड़ी सहित अन्य ग्रामों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार मतदान केन्द्रों पर सुगम मतदान हेतु सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार ने ग्राम पग्नेश्वर में शासकीय विद्यालय भवन में बनाए गए मतदान केन्द्र क्रमांक 59 तथा 57 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को मतदान केन्द्र परिसर में साफ-सफाई रखने, स्कूल भवन के गेट के बाहर मतदान केन्द्र होने की सूचना, मतदान केन्द्र में पर्याप्त रोशनी, पंखा, मतदाताओं के लिए शेड की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही सभी मतदाताओं को समय पर मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। इसके उपरांत सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार द्वारा ग्राम ढकना चपना में शासकीय प्राथमिक शाला भवन में मतदान केन्द्र क्रमांक-56 का निरीक्षण करते हुए पंखा, लाईट आदि की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बेरखेड़ी टुण्डा में शासकीय माध्यमिक शाला में बनाए गए मतदान केन्द्र का भी निरीक्षण करते हुए समुचित व्यवस्थाओं के दिशा-निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं से निर्वाचन और मतदान के बारे में संवाद किया। साथ ही ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर बिना किसी भय, दबाव, लोभ या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीणों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

### स्वीप प्लान के तहत मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के अंतर्गत विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में रायसेन में नगर पालिका अमले द्वारा दुकानों, प्रतिष्ठानों पर जाकर विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने के संकल्प पत्र भरवाए गए। साथ ही सफाई कामगारों से भी मतदान के संकल्प पत्र भरवाते हुए शपथ दिलाई गई। जिला मुख्यालय के साथ ही जिले सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को आगामी 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# करंट से युवक की मौत मामले में रैली निकाकर किया चक्काजाम



**भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर में पिछले दिनों बिजली का काम करते समय हुई युवक की मौत के मामले में मंगलवार को दुर्गा मंदिर चौराहे पर आदिवासी समाज के कई लोगों ने धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम कर दिया। उनका कहना था कि ग्राम श्यामपुर निवासी गणेश बरकड़े की विद्युत कार्य करते समय लाइनमेन की लापरवाही के कारण करंट लगने से मौत हो गई थी।

आज तक न तो लाइनमेन पर कोई कार्रवाई की गई न ही मृतक के परिवार वालों को कोई उचित मुआवजा दिया गया। जिससे आक्रोशित मृतक के परिजन एवं समाज के सभी लोगों ने आदिवासी समाज धर्मशाला पर इकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और दुर्गा मंदिर चौराहे पर जाकर धरना प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंकर थाना प्रभारी गिरिश दुबे, एसडीओपी दीपक कपूर ने परिजनों को समझाया, तब कही जाकर चक्का जाम हट सका। इसके बाद सभी मृतक के परिजन एवं आदिवासी समाज के लोग तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीओपी दीपक कपूर को ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की गई कि दोषी लाइनमेन पर उचित कार्रवाई हो। मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाया जाए। परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाए।

# लाड़कुई में लगी आग, 5 मवेशियों सहित कई सामान जला



**भेरूंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** तहसील मुख्यालय से 14 किमी दूर स्थित ग्राम लाड़कुई में अज्ञात कारणों से देर शाम मवेशियों को बांधने वाले स्थान में आग लग गई । जिससे पांच गौवंश जलकर मौत हो गई, वही कमरे में रखा भूसा पूरी तरह जल गया। बताया जाता है कि जहां आग लगी वह स्थान लाड़कुई निवासी धनपाल माहेश्वरी का है। आग इतनी भयंकर थी की कई ऊंचाई तक धुएं का गुबार देखा गया। दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं मौके पर पहुंचे, एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी द्वारा जायजा लिया तो वही नुकसान की भरपाई की बात कही गई। सामान भी जलकर खाक हो गया है। इसके अलावा एक कच्चा मकान और उसमें रखा हुआ सारा सामान भी आग में जलकर खाक हो गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# कांग्रेस का पूरा ध्यान परिवारवाद पर : सिंह

▸ चितावर, देवपुर एवं भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मेलन



**सिरोंज, देशबन्धु।** पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर है बस आवश्कता है कि हम प्रत्येक कार्यकर्ता को एक-एक घर पहुंचकर मतदाता से आशीर्वाद लेना है। इसमें कोई दो राय नही है कि प्रदेश में 150 से अधिक सीटें भाजपा जीतकर सरकार बनाने वाली है और उसमें सिरोंज लटेरी भी शामिल है लेकिन हमको अति उत्साह में भी नहीं रहना है पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्यकर्ता को अपने मतदान केंद्र पर मेहनत करने की आवश्यकता है। यह बात विदिशा जिले के प्रभारी पंकज सिंह ने सुहाग गार्डन में आयोजित देवपुर, चितावर एवं नगर मंडल के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि स्व. लक्ष्मीकांत आज हमारे बीच मे नही है लेकिन में देख रहा हूं वह एक एक कार्यकर्ता के ह्रदय में जीवित है। आप कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत की बदौलत ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हुई है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो पहले राष्ट्र फिर संगठन और उसके बाद स्वयं का चिंतन करता है जबकि कांग्रेस में परिवारवाद और स्वयं के विकास पर ही ध्यान केंद्रित रहता है। कोरोना काल इसका सबसे आदर्श उदाहरण है जब एक एक कार्यकर्ता पीड़ित मानवता की सेवा में जुट गया था। उधर कांग्रेस में दो नेता मंच से ही एक दूर के कपड़े फाड़ने की बात करते है। इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बात रखते हुए पूरे पण प्राण से प्रत्येक मतदान केंद्र पर भाजपा को विजय बनाने के लिए जुट जाने का आव्हान किया।

**कार्यकर्ताओं ने चुनाव लड़ने दिया चंदा:** चुनाव लड़ने की इस सहयोग राशि मे सबसे छोटी राशि 11 रुपये थी तो सबसे बड़ी राशि ढाई लाख रुपये भी थी। इस पर उमाकान्त शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता आर्थिक सहयोग भी करते है। सम्मेलन को जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, वरिष्ठ भाजपा नेता रघुनाथ सिंह रघुवंशी, जितेंद्र बघेल, महेंद्र सिंह दांगी, रूपेश यादव, डॉ पी के विश्वास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री बलबीर सिंह रघुवंशी, चरण सिंह राजपूत, झार सिंह दाँगी, पारस तारण, संतोष चौरे सहित मंडलो के नेतागण एवं बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रैली



**सिरोंज, देशबन्धु।** मतदान के लिए जागरूक करने राष्ट्रीय सेवा योजना केडीबीएम महाविद्यालय इकाई द्वारा स्वीप कार्यक्रम में सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के स्लोगन के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कॉलेज प्रांगण से होते हुए मुख्य मार्ग छत्री नाका से बापिस कॉलेज में समापन हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते केडीबीएम प्राचार्य शांताराम मराठा ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन होने वाला है। इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और मतदान अवश्य करें, इससे स्वस्थ एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सके। सहायक प्रध्यापक भागीरथ पटेल ने कहा कि आप लोग ही भारत के भविष्य हो, भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है, आप लोगों में बहुत से लोग पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करोगे, आप जिस तरीके से सरकार को चुनोगे, वो आपका भविष्य बनाएगी। रासेयो अधिकारी सुजीत कुशवाह ने विद्यार्थियों को आगामी निर्वाचन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा अपने परिवार व आसपास के लोगों को निर्वाचन के लिए प्रेरित करने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक ,छात्र-छात्राये ओर स्टाफ उपस्थित रहा।

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** वाचनालय पाठक संघ द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस शिशु संरक्षण दिवस और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय डॉक्टर सीवी रमन की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर रक्षा समिति के संयोजक दीपक तिवारी ने कहा कि भारत में 7 नवंबर 2014 को पहली बार कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया था जिसके पश्चात प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाने लगा। शिशु संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त कर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 40 लाख लोगों की मृत्यु सिर्फ कैंसर से होती है हमें हर तरह के नशे से दूर रहना चाहिए आगे कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लोहा लेने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विपिन चंद्र पाल का जन्म दिवस है। स्वतंत्रता सेनानी अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर की पुण्यतिथि पर भी विचार व्यक्त किया। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा कहा गया कि भारत के महान भौतिक शास्त्री सीवी रमन का जन्मदिन है । इस अवसर पर दीपक तिवारी सुनील पिंगले कैलाश नेमा बद्दू दादा कैलाश नेमा बबलू राय उदयपुर आदित्य राजपूत छोटेलाल नामदेव शिवकुमार रैकवार विनोद सेन सतीश सेन अरविंद लाहौरी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# सड़कों पर मवेशी, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** मवेशियों के कारण नगर में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। बाजार और मुख्य सड़कों के बीच बैठने वाले बेसहारा पशु शहर भर में नागरिकों व वाहन चालकों के लिए समस्या बने हुए हैं। नपा ने पशुओं को लेकर एक वर्ष से कोई कार्रवाई नहीं की है। पशुओं के लिए चलाई जाने वाली मुहिम लंबे समय से बंद होने से शहर की सड़कों पर इनकी संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। इसी के कारण शहर की सीमा से सटे गांव के मवेशी भी शहर में डेरा डाल रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पिछले डेढ़ वर्ष में सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं के कारण हुए सड़क हादसे की वजह से छह लोग जान गवां चुके हैं। इसके बाद भी प्रशासन ने हादसों से सबक नहीं लिया। सबसे ज्यादा इनका जमावड़ा स्टेशन क्षेत्र में रहता है जहां सब्जी फल के हाथ ठेले लगे रहते हैं। दुकानों से सब्जी फल खरीदने आने वालों के थैलों को यह झपट लेते हैं। सींग मार देते हैं जिससे लोग घायल हो जाते हैं। गत रविवार को सब्जी लेने आई महिला के हाथ में रखा थैला सांड द्वारा झपटने के दौरान गिरने से महिला घायल हो गई। इसी तरह बड़े रोड पर दो सांडों के लड़ने से दो बाइक सवार इनसे टकरा कर गिरकर घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। मुख्य मार्ग के किनारे इन दिनों रेलवे स्टेशन से नेहरू चौक लाल बिल्डिंग तक सब्जी और फल की दुकान लग रही है। इसके कारण बेसहारा मवेशियों का डेरा सड़क पर ही रहता है। पलक झपकते ही वह लोगों की सामग्री झपट लेते हैं। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर सांडों की लड़ाई के दौरान भी राहगीरों को खतरे का सामना करना पड़ता है। मालूम हो की नगर पालिका प्रशासन ने डेढ़ वर्ष पूर्व विदिशा से काऊ केचर पिंजरा मंगाकर सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ना शुरू किया था, लेकिन गौ सेवको और नागरिकों के विरोध के बाद नगर पालिका प्रशासन को मुहिम बंद करना पड़ी थी। इससे पूर्व नगर पालिका प्रशासन ने सुअरो को पकडकर यहां से हटाया था। तब से शहर की सड़कों गलियों में सूअर दिखाई नहीं देते। लेकिन डेढ़ वर्ष पूर्व हुए विरोध के कारण मवेशियों को हटाने की मुहिम बंद पड़ी है। अब इनकी संख्या फिर बढ़ने से लोग मांग कर रहे हैं कि यदि मवेशियों को शहर की सड़कों से नहीं हटाया गया तो दुर्घटनाएं और बढ़ेगी। नगर पालिका सीएमओ पवन कुमार शर्मा का कहना है कि शीघ्र आने वाले दिनों में मुहिम चला कर मवेशियों को गौशाला में भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

# झाबुआ जिले की 3 सीटों पर 10 निर्दलीय हैं मैदान में

▸ 66 सालों में 2 बार निर्दलीयों ने थांदला से ही जीता चुनाव

• **धर्मेन्द्र पांचाल**

**झाबुआ, देशबन्धु।** इस बार के विधानसभा चुनाव में झाबुआ जिले की 3 विधानसभा सीटों पर कुल 25 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें से 10 उम्मीदवार यानी लगभग आधे, निर्दलीय हैं। सबसे ज़्यादा झाबुआ में 4, थांदला और पेटलावद में 3-3 ऐसे उम्मीदवार हैं। हालांकि 1957 से 2023 तक के 66 साल के इतिहास में सिर्फ दो बार ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत का स्वाद चखा है और यह चमत्कार भी जिले की 3 विधानसभा सीटों में से सिर्फ थांदला विधानसभा सीट पर हो पाया है। जिले के वरिष्ठ राजनेताओं और पत्रकारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1957 में थांदला सीट पर नाथू खड़िया ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। तो उसके बाद 56 साल बाद 2013 में भाजपा से बागी होकर कलसिंह भाबर ने चुनाव जीता था।

**1957 में इस वजह से हुए थे निर्दलीय:** 1957 के चुनाव को लेकर थांदला के वरिष्ठ राजनेता नारायण भट्ट का कहना है कि उस वक़्त आदिवासी अंचल में मामा बालेश्वर दयाल का बोलबाला था। वे जिसके सर पर हाथ रख देते, वह विधानसभा में पहुंच जाता था। उस वक्त कांग्रेस ही राष्ट्रीय पार्टी थी।

बेगार प्रथा को लेकर मामाजी ने बड़ी लड़ाई लड़ी थी। प्रखर समाजवादी नेता के रूप में मामाजी ने नाथू खड़िया को उम्मीदवार बनाया था। मूल रूप से वह समाजवादी विचार पर ही चुनाव लड़े थे, परंतु पार्टी के द्वारा टिकट या बी फॉर्म नहीं मिलने से तकनीकी रूप से वह निर्दलीय हो गये थे। ऐसे में मामाजी की लाल टोपी और लाल झंडे के निशान के दम पर नाथू खड़िया ने जीत हासिल की थी।

**जब निर्दलीय ने जब्त कराई भाजपा की जमानत:** 1957 की बात को अगर छोड़ दें, तो 2013 से पहले झाबुआ जिले में कभी भी निर्दलीय हावी नहीं हो सके। ऐसा नहीं है कि निर्दलीयों ने कोशिश नहीं की। कभी टिकट कटने तो कभी टिकट न मिलने से नाराज़ नेता, निर्दलीय चुनाव लड़ते रहे हैं। थांदला में 2003 में भाजपा से विधायक बने कलसिंह भाबर 2008 में हार गए, तो पार्टी ने 2013 में टिकट नहीं दिया था। वे निर्दलीय खड़े हो गए और भारी वोटों से जीत गए थे। तब कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही, जबकि भाजपा प्रत्याशी तीसरे नंबर आ गये। मज़े की बात यह है कि इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जमानत तक नहीं बच पाई थी।

**2013 में कांग्रेस की हार की वजह बने निर्दलीय:** वर्ष 2013 में झाबुआ सीट पर कांग्रेस ने जिला पंचायत अध्यक्ष कलावती भूरिया को टिकट देना तय किया था, लेकिन अचानक उनका टिकट काट दिया गया और 2008 के विधायक जेवियर मेड़ा को मैदान में उतारा गया। नाराज़ कलावती निर्दलीय के रूप में उनके सामने आईं। वे जीत तो नहीं सकीं लेकिन उन्हें जितने वोट मिले, वे भाजपा की कांग्रेस पर जीत के अंतर से भी ज़्यादा थे। भाजपा के शांतिलाल बिलवाल चुनाव जीत गए।

**मामाजी के पैटर्न पर कलसिंह ने जीता था चुनाव:** वरिष्ठ पत्रकार क्रांति कुमार वैद्य का कहना है कि थांदला में कलसिंह और पड़ोस में राजस्थान की कुशलगढ़ विधानसभा से भीमाभाई के जीतने का तरीका मामाजी वाला था। उन्होंने बताया कि कलसिंह भाबर मामा बालेश्वर दयाल के शिष्य थे और उनके आश्रम में रहे। उधर भीमाभाई भी समाजवादी नेता थे। 2013 में कलसिंह को भाजपा ने और कुशलगढ़ से भीमाभाई को शरद यादव ने टिकट नहीं दिया। ऐसे में कलसिंह बागी होकर चुनाव लड़ा, तो भीमाभाई ने भाजपा से जुड़कर टिकट हासिल किया। लेकिन दोनों ही जगह मामाजी वाले पैटर्न पर चुनाव लड़ा गया। दोनों ने ही विजयश्री का वरण किया। कुशलगढ़ में तो भाजपा ने पहली बार जीत का स्वाद चखा। वैद्य जी का कहना है कि दोनों जगह मामाजी के अनुयायियों ने पार्टी के बजाय व्यक्ति को तवज्जो दी।

### झाबुआ जिले के निर्दलीय प्रत्याशी

**थांदला:** बाबू डामोर, उदयसिंह मसार और तानसिंह मेंड़ा

**झाबुआ:** अमरा भाभर, अमरू मोहनिया, धनसिंह बारिया और कलमसिंह भाबोर

**पेटलावद:** इंजी. बालूसिंह गामड़, सतन कटारा और प्रेमसिंह भूरिया।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### इवीएम का किया द्वितीय रेण्डमाइजेशन

**हरदा , देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए आगामी 17 नवंबर को मतदान होगा। इससे पूर्व मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारी स्तर पर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का द्वितीय रेण्डमाइजेशन कलेक्ट्रेट के वीडियो कान्फ्रेंस कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हरदा विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक हनीश छाबड़ा, टिमरनी के प्रेक्षक नरिन्दर सिंह बाली, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा, रिटर्निंग अधिकारी हरदा आशीष खरे व रिटर्निंग अधिकारी टिमरनी महेश बड़ोले के अलावा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और अभ्यर्थी भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शैलेष दुबे ने बताया कि इस रेण्डमाइजेशन के बाद इवीएम मशीनों को मतदान केन्द्र आवंटित हो गया है तथा रिजर्व मशीनें भी निर्धारित हो गई है। इवीएम मशीनों की कमीशनिंग की कार्यवाही पॉलिटेक्निक कॉलेज में की जा रही है। हरदा व टिमरनी के प्रेक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में कमीशनिंग की कार्यवाही भी देखी।

### 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व दिव्यांगों ने किया घर से ही मतदान

**हरदा , देशबन्धु।** 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से घर से ही मतदान करने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। विधानसभा निर्वाचन के लिए आगामी 17 नवंबर को मतदान होगा। इससे पूर्व वृद्ध व दिव्यांग मतदाता तथा निर्वाचन ड्यूटी में लगे शासकीय कर्मचारी डाक मतपत्र से मतदान कर रहे है। हरदा जिले में मंगलवार से डाक मतपत्र से मतदान का कार्य प्रारम्भ हो गया। मंगलवार सुबह से ही मतदान दल रवाना हो गये। हर मतदान दल के साथ दो-दो मतदान अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षाकर्मी, वीडियोग्राफर व बीएलओ भी मतदाता के घर तक गये और मतदान कराया। इस मतदान की कार्यवाही की मॉनिटरिंग संबंधित क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी लगातार करते रहे।

### मतदान दलों को दिया प्रशिक्षण

**हरदा , देशबन्धु।**, विधानसभा निर्वाचन के लिये आगामी 17 नवम्बर को मतदान होगा। मतदान से पूर्व मतदान दलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 2 शिफ्टों में मतदान दलों में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान हरदा के प्रेक्षक हनीश छाबड़ा व टिमरनी के प्रेक्षक नरिन्दर सिंह बाली भी मौजूद थे। मास्टर ट्रेनर डी.एस. रघुवंशी ने मतदान दलों को आयोग के निर्देशों और प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि मतदान दलों के लिये आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन करें तथा इन दिशा निर्देशों व प्रावधानों का मतदान के दिन सख्ती से पालन कराएं।

### मतदान दलों के प्रशिक्षण की तिथि एवं समय में परिवर्तन

**बैतूल, देशबन्धु।** रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी मतदान दलों के गठन के आदेशों में मतदान दल के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, 2 एवं 3 का प्रशिक्षण 9 नवंबर से 11 नवंबर समय 10.30 से 5.30 बजे तक आयोजित किए जाने संबंधी आदेश जारी किए गए थे। उक्त आदेशों में आंशिक संसोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 10 नवंबर को आयोजित होने वाला प्रशिक्षण अब 8 नवंबर दिन बुधवार को प्रात 8 से 5.30 बजे तक यथा स्थान आयोजित होगा। इसी तरह 9 नवंबर एवं 11 नवंबर 2023 को आयोजित होने वाला प्रशिक्षण सुबह 10:30 बजे के स्थान पर प्रात: 8 बजे से 5.30 बजे तक यथा स्थान आयोजित होगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला मतदान दल उपस्थित होगा।

### मतदान करने की दिलाई शपथ

**बैतूल, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मंगलवार को सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र बैतूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों और उनके परिजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा सामाजिक न्याय विभाग के कलापथक दल की ओर से प्रेरक गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उप संचालक सुश्री रोशनी वर्मा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर पर ही किए मतदान से खुश नजर आए बुजुर्ग और दिव्यांग

**तहसील से सुबह 7 बजे रवाना हुआ दल**





**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए चुनाव आयोग द्वारा इस बार विधानसभा चुनाव में पहली बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिसके लिए मुलताई विधानसभा क्षेत्र के 6666 मतदाता जिनकी उम्र 80 पार अथवा दिव्यांग में से कुल 299 ऐसे मतदाता जो स्वयं चलकर मतदान केंद्रों तक नहीं जा सकते थे, उनके द्वारा फार्म 12डी के तहत घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की थी, जिसके तहत 26 मतदान दलों का गठन किया गया था, जिन्हें मंगलवार सुबह 7 बजे तहसील कार्यालय से मतदान सामग्री देकर मतदान कराने के लिए रवाना किया गया। जिन्होंने घर-घर पर पहुंचकर मतदान सम्पन्न कराया, इस दौरान मतदान की गोपनीयता का विशेष ख्याल रखा गया।

**17 नंबर मतदान दल का वाहन हुआ पंचर, दूसरा वाहन भेजा:** मंगलवार सुबह 7 बजे जैसे ही सभी वाहन अपने अपने दलों को लेकर रवाना होने लगे तभी अचानक से मतदान दल क्रमांक 17 का वाहन पंचर हो गया, हालांकि ड्राइवर ने पूरे बस स्टेंड पर हवा पंचर वाले को ढूंढा लेकिन कोई दुकान खुली नहीं होने से वह ठीक नहीं हो सका, तब तक अधिकारियों द्वारा रिजर्व वाहन से मतदान दल को रवाना किया गया। चुनाव आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के चलते आज मतदान कराने अधिकारी घरों पर पहुंचे और घर पर ही मतदान कर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता खुश नजर आए। उन्होंने बताया कि वे जब स्वस्थ थे तब अवश्य मतदान करते थे किंतु अस्वस्थ होने के कारण मतदान केंद्र तक नहीं जाने के कारण मतदान करना संभव नहीं हो पा रहा था, जिसके चलते वे मतदान नहीं कर पा रहे थे। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग द्वारा की गई यह पहल अच्छी रही है। चुनाव आयोग के निर्देशन में अधकारियों द्वारा मतदान का अधिकार घर तक पहुंचा कर इस पुण्य कार्य को किया है, जो लोकतंत्र के लिए दिव्यलाभ से कम नहीं माना जा सकता।

**प्रेक्षक ने घाट बिरोली पहुंचकर किया निरीक्षण:** होम वोटिंग के लिए घरों पर पहुंचे मतदान दल द्वारा कराई जा रही वोटिंग का जायजा लेने मुलताई विधानसभा की ऑब्जर्वर हरीथा वी कुमार ने ग्राम घाटबिरोली पहुंचकर निरीक्षण किया और व्यवस्थित चुनाव संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल की जनसभा को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक



**हरदा, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी संजय दत्त ने जिले में 13 नवंबर को राहुल गांधी की आमसभा के संबंध मे बैठक ली। जिसमें जिला प्रभारी अवधेश सीसोदिया भी उपस्थित रहे ।

बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि जिला, ब्लॉक, नगर, शहर एवं ग्रामीण स्तर तक कांग्रेस के कार्यकर्ता मजबूती के साथ राहुल गांधी की आमसभा को सफल बनाए और हरदा जिले की टिमरनी एवं हरदा विधानसभा से जीतकर मध्यप्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बनाएं । साथ ही उन्होंने सभा के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सुझाव भी मांगे । कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त ने कहा कि आम सभा मे सभी लोग वरिष्ठ कांग्रेसजनों, प्रदेश पदाधिकारी जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर सभा को एतिहासिक बनाए का प्रयास करें। क्योंकि राहुल गांधी अपनी दीवाली मनाने हरदा आ रहे हैं । जिला प्रभारी अवधेश सिंह सीसोदिया ने कहा कि अपने अपने क्षेत्र सभी कांग्रेस संगठन के प्रमुख लोग क्षेत्र मेहनत करेंगे और राहुल गांधी का स्वागत करेंगे साथ ही उन्हे यह भी विश्वास दिलाएंगे कि इस बार जिले की दोनों विधानसभा कांग्रेस पार्टी जीतेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने कहा कि हमारे लिए बड़े गौरव की बात है कि हम सबके नेता राहुल गांधी सभा करने आ रहे हैं।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. पंडाग्रे के लिए पाथाखेड़ा,शोभापुर में किया जनसंपर्क



**सारनी, देशबन्धु।** भाजपा नगर मंडल सारनी के कार्यकर्ताओं ने पाथाखेड़ा शोभापुर के 23 वार्डों में पार्टी प्रत्याशी डॉ. योगेश पंडाग्रे के पक्ष में जनसंपर्क किया। जनसर्पक में पंडाग्रे के विधान सभा संयोजक पी जे शर्मा, विधान सभा प्रभारी राजेश आहूजा, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक रंजीत सिंह मंडल, अध्यक्ष नागेन्द्र निगम, नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार,सुधा चन्द्रा, जीपी सिह,प्रकाश शिवहरे, श्याम मदान,भीम बहादुर थापा, रेवांशकर मगरदे, वार्ड के स्थानीय वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लगातार सारनी मंडल के विभिन्न वार्डो 1,2, 3, 17 , 18, 21, 23, 33, 34 , 35 में लगातार जनसंपर्क व बैठक कर रहे है।

### कांग्रेस प्रत्याशी मालवे ने कई वार्डों में किया जनसंपर्क

**सारनी, देशबन्धु।** कांग्रेस के आमला विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मनोज मालवे के माध्यम ने मंगलवार को बगडोना,शोभापुर कॉलोनी के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया। आमला विधानसभा क्षेत्र से सात उम्मीदवार चुनावी मैदान में है जिसमें कांग्रेस से मनोज मालवे, भारतीय जनता पार्टी की तरफ से डॉक्टर योगेश पंडाग्रे,बहुजन मुक्ति पार्टी से रूपेश पाडोले, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रंजना वामने,जोशुआ गणेश अतुलकर,सदाराम झारबडे, हरीप लाल बिहारे निर्दलीय चुनाव मैदान में अपना भाग आजमा रहे हैं।



# कमलनाथ ने सड़कों का जाल बिछाया, भाजपा बैतूल-भोपाल फोरलेन नहीं बना पाई: पांसे

**जौलखेड़ा एवं मंगोना खुर्द में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी**



**मुलताई, देशबन्धु।** केन्द्र में जब कांग्रेस की सरकार में कमलनाथ केंद्रीय परिवहन मंत्री थे तो उन्होनें पुरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया। भाजपा अब तक बैतूल से भोपाल फोरलेन का काम नहीं करा पाई। फोरलेन निर्माण में सबसे ज्यादा अड़चने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के क्षेत्र बुधनी में हुई। यह बात कांग्रसे प्रत्याशी सुखदेव पांसे ने अपने प्रचार के दौरान जौलखेड़ा एवं मंगोना खुर्द में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केंद्र में दस वर्षो से भाजपा की सरकार है,जिसमें परिवहन मंत्री नितिन गड़करी है जो हमारे पड़ोस के नागपुर निवासी है और नागपूर से भोपाल की फोरलेन सड़क जो कमलनाथ ने अपने कार्यकाल में स्वीकृत की थी मेरे कार्यकाल में बैतूल से नागपूर तक मात्र दो वर्षो में बनकर तैयार हो गई। पूरे बैतूल जिले सहित नागपुर जाने वाले चंद घंटों में आने जाने लगे, लेकिन बैतूल से भोपाल तक बीते14वर्षो में भी सड़क का काम पूरा नही हो पाया। जबकि बैतूल, होशंगाबाद, भोपाल जिले में बीते करीब 30 वर्षो से भाजपा के सांसद रहे हैं। चाहे सड़को की बात हो बड़े अस्पतालों की बात हो या सिंचाई के लिए बांध की बात हो नीव कांग्रेस ने रखी और पूरा होने पर श्रेय भाजपा ने लिया। जबकि भाजपाइयों ने झूठे वादे और खोखले आश्वासनों के अलावा जनता को कुछ भी नही दिया मुलताई की तो बात ही निराली है। मुलताई में कांग्रेस के समय लाइनमैन ट्रेनिग सेन्टर , क्षेत्रीय ग्रामीण विकास पंचायत सचिव ट्रेनिग सेन्टर संचालित होते थे। पूरे प्रदेश से कर्मचारी ट्रेनिग के आते थे जिससे क्षेत्र की आर्थिक व्यवस्था लाभान्वित थी लेकिन उन्हें भी में बंद करके अन्य जिलों में भेज दिया गया। मुलताई में संतरा मंडी होती थी आम जन को रोजगार मिलता था टांसपोर्ट आरामशीन के साथ साथ व्यापार मजबूत था।

# कांग्रेस प्रत्याशी उईके ने किया जनसंपर्क



**रानीपुर, देशबन्धु।** घोड़ाडोगरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में घोड़ाडोंगरी विधानसभा 132 के कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उईके ने घोड़ाडोंगरी विधानसभा के आखिरी गांव धाराखोह सिहारी सहित आधा सैकड़ा से अधिक गांवों में जनता के बीच पहुंचकर आशीर्वाद लिया। कार्यकर्ता कांग्रेस के पक्ष में जोर शोर से क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

**कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ:** ग्राम पंचायत रानीपुर के बस स्टैंड पर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत वागद्रे के अध्यक्षता में जनसंपर्क के पश्चात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र महतो के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उईके द्वारा बस स्टैंड रानीपुर पर कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अनुराग मिश्रा, रानीपुर मंडलम अध्यक्ष शिवनाथ यादव, घोड़ाडोगरी मंडलम अध्यक्ष अशोक राठौर दुष्यंत महाले नंदकिशोर उईके रानीपुर नगर अध्यक्ष कुंवर लाल जावलकर, राजू कहार जीवन वर्मा ,अनुराग हाथिया, सतीश जोगलेकर, धीरेंद्र ठाकुर,दिलीप उईके राजेश नरे शाहिद भाई उमेश, सलाम,चंद्रकांत अतुलकर ,प्रहलाद धुर्वे, अजय बारसे,दुर्गेश यादव,आकाश मलैया,शहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बाइक अनियंत्रित होने से किसान गंभीर घायल



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम निंबोटी निवासी एक किसान जो की ग्राम घाट बिरोली खाद लेने के लिए गया हुआ था, ऑटो से खाद लेकर आगे आगे अपनी बाइक से वापस अपने गांव निंबोटी जा रहा था कि तभी अचानक खंबारा मोड पर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम निंबोटी निवासी 50 वर्षीय भंगी पुत्र होरीलाल यादव के गिरने की वजह से सर में गंभीर चोट आ गई। इसके बाद राहगीरों द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। परिजन तत्काल उसे लेकर नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां पर उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजनों उसे बेहतर उपचार के लिए निजी वाहन से नागपुर ले गए।

# जलाराम मंदिर के पास कार ने तोड़ा बिजली का खंबा, सड़क पर गिरे तार



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के नागपुर छिंदवाड़ा रोड पर जलाराम मंदिर के पास सोमवार देर रात एक अज्ञात कार ने बिजली के खंबे को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते बिजली का खंबा बुरी तरह से टूट कर बिखर गया और बिजली के तार सड़क पर आ गए। गनीमत रही की इन बिजली के तारों की चपेट में कोई नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जब तक बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचते तब तक मौका पाकर कार चालक फरार हो चुका था। प्रत्यक्षदर्शी भावेश साहू ने बताया कि वे कामथ अपने घर जा रहे थे कि तभी अचानक तेज रफ्तार में मुलताई की ओर जा रही एक कार ने बिजली के खंबे को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते खंबा टूटकर बिखर गया और उस पर लगे बिजली के तार सड़क पर आ गए। उन्होंने अपनी बाइक सड़क पर आड़ी लगाकर आने जाने वाले लोगों को सतर्क किया और बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी। जब कर्मचारी मौके पर पहुंचे तब बिजली के तारों को सड़क से अलग किया गया और तत्काल व्यवस्था बनाकर लाइन चालू की गई। कर्मचारियों को मौके पर कार के नंबर प्लेट के टूटे हुए हिस्से मिले, वहीं बिजली विभाग के डीजीएम संजय यादव ने बताया कि वे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं, इसके बाद कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कराया जाएगा।

*आज कन्या शाला से निकलेगी साइकिल रैली*

# खेल स्पर्धाएं और कलश यात्रा निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक




**सारनी, देशबन्धु।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़े और अधिक से अधिक लोक मतदान कर सके इसको लेकर रैली कलश यात्रा साइकिल रंगोली प्रति इस स्पर्धा का आयोजन करवाया जा रहा है इसी तारतम्य मे मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग एवं मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वीप प्लान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है।स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के.मेश्राम ने बताया कि आगामी 17 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए प्रत्येक मतदाता को इसकी जानकारी दी जाना जरूरी है। इसके तहत स्वीप प्लान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा मंगलवार 7 नवंबर को शोभापुर कॉलोनी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्राम भारती महिला मंडल शोभापुर कॉलोनी, अन्य स्व सहायता समूह एवं मतदान केंद्रों पर उपस्थित महिला मतदाताओं की स्पर्धाएं कराई गईं। इसके तहत कबड्डी,खो-खो, पारंपरिक खेल,रंगोली, मेहंदी,गीत गायन स्पर्धा का आयोजन किया गया। वहीं जैरी चौक से कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई एसबीआई चौक पहुंची। यहां से वापस जैरी चौक पर इसका समापन हुआ। प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर ग्राम भारती महिला मंडल की अध्यक्ष भारती अग्रवाल, स्वीप प्लान प्रभारी रंजीत डोंगरे, निराकार सागर, कीर्ति नायक,बुधराम मोहबे,राकेश डोंगरे, कामदेव सोनी,अनिल लिल्होरे,बालकराम यादव,दीपक मोहबे आदि कर्मचारी उपस्थित थे। नगर पालिका द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार 8 नवंबर को साइकिल रैली,मानव श्रृंखला का आयोजन सुबह 10 बजे से कन्या शाला सारनी में किया जाएगा।

## सार समाचार

### केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कल जिले में दो जगह लेंगी सभाएं

**इटारसी,देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 9 नवंबर, गुरुवार को जिले में दो विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। केन्द्रीय मंत्री श्रीमती ईरानी के जारी कार्यक्रम अनुसार वे दोपहर 12:15 बजे सोहागपुर विधानसभा के बाबई हेलीकाप्टर से पहुंचेंगी। यहां प्रत्याशी विजयपाल सिंह के समर्थन में सभा के बाद 1:45 बजे हेलीकाप्टर से रवाना होकर 2 बजे बाबई से इटारसी आएंगी। श्रीमती स्मृति ईरानी दोपहर 2:05 बजे इटारसी में पार्टी प्रत्याशी डॉ.सीतासरन शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। वे दोपहर बाद 3:05 बजे इटारसी से हेलीकाप्टर से नरयावली जिला सागर के लिए रवाना हो जाएंगी।

### टूरिस्ट जिप्सी के सामने रास्ते में अचानक आए दो टाइगर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में इन दिनों टाइगर के पर्यटकों को खूब दीदार हो रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में रोजाना पर्यटक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंच रहे हैं। एसटीआर के चुरना रेंज में जंगल सफारी के दौरान पर्यटक उस वक्त रोमांचित हो उठे, जब पर्यटकों की एक टूरिस्ट जिप्सी के सामने रास्ते में अचानक दो टाइगर एक साथ दिखाई दिए। जिसमें एक टाइगर जंगल की सड़क के बीचों बीच आराम करता हुआ दिखाई दिया। तो वहीं दूसरा टाइगर पर्यटक की जिप्सी की तरफ आते हुए दिखाई दिया। पर्यटक यह नजारा देख खूब रोमांचित हुए और उन्होंने इस नजारे को अपने मोबाइल में कैद कर लिया और वायरल कर दिया। वायरल वीडियो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व ने अपने ऑफिशियल इंस्ट्राग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो करीब 11 सेकंड का है जिसमें टाइगर एक टाइगर सड़क पर बैठकर आराम करता हुआ नजर आ रहा है, वहीं दूसरा टाइगर पर्यटकों की जिप्सी की तरफ आता हुआ दिखाई दे रहा है। रोमांचित करने वाले इस नज़ारे को सैलानियों ने अपने कैमरे में कैद किया।

### मतदाता जागरूकता अंतर्गत विशाल मैराथन का आयोजन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन के त्योहार में विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है, 17 नवंबर को नर्मदापुरम जिले में शत प्रतिशत मतदान पूर्ण करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अंतर्गत मतदान के लिए आज दोपहर 3 बजे विशाल मतदाता जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। मैराथन में सभी आयु वर्ग शामिल हो सकते है। मैराथन 5 किलोमीटर शहरी क्षेत्र में कराई जा रही है जीतने वाले धावकों को पुरुस्कृत किया जाएगा। साथ ही घोषित इनाम साथ ही सभी मैराथन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह दौड़ पुलिस ग्राउंड से शुरू होकर शहर के प्रमुख चौक चौराहों से होकर निकलेगी जिसका समापन पुलिस ग्राउंड पर ही होगा। जिसमें धावकों को तीन निर्धारित पॉइंटस से कूपन लेकर फिनिश पॉइंट पर पहुंचना होगा तभी उसे नियमित दौड़ में शामिल किया जाएगा। मैराथन से पहले सीईओ एसएस रावत ने पुलिस ग्राउंड में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही मैराथन के सफ़ल आयोजन कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

# दीवाली के लिए अनार बनाने की तैयारी, व्यापारियों को बाजार से उम्मीद



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** हर बार दिवाली पर चीनी समान बाजारों में बिका करता था, जो अब ज्यादा नजर नहीं आ रहा है। दीपावली पर्व की तैयारी के लिए बाजार सजने लगे हैं, जिसमें देसी पटाखों की मांग थोक व्यापारियों मे बढ़ने लगी है। पटाखा व्यापारी अब विदेशी सामानों की जगह देसी पटाखों पर जोर दे रहे हैं। इसी के साथ पूरे संभाग में मिट्टी के लिए बड़ी संख्या में आर्डर मिल रहे हैं। पिछली तीन पीढ़ियों से मिट्टी का काम करते आ रहे महेश प्रजापत बताते है कि, मिट्टी का अनार बनाने का काम पिछले कई सालों से करते आ रहे हैं, लेकिन इस बार मिट्टी के अनार बनाने का आर्डर कुछ दिनों पहले ही मिला है। जिसे बनाने के लिए पूरा परिवार दिन-रात लगा हुआ है। सामान्य दिनों में इन अनार को इतना पसन्द नहीं किया जाता है, लेकिन इस बार विदेशी पटाखों की जगह व्यापारी इन पटाखों को पसंद कर रहे हैं। इसके चलते करीब 50 हजार से अधिक देसी अनार का ऑर्डर मिला है। जिन्हें अनार रूपी दिए बनाकर व्यापारियों को देने है। जो इन्हें अनार का रूप देंगे। वहीं थोक पटाखों का व्यापार कर रहे नितेश मैस्कर बताते हैं कि, इस बार होलसेल बाजार में लॉकडाउन की वजह से विदेशी पटाखे नहीं आ पाए हैं। ऐसे में लोकल में बनने वाले छोटे-छोटे पटाखा व्यापारियों को आर्डर दिए जा रहे हैं।

### बाजारों में पहुंचे देसी मिट्टी के सामान

घरों की साज-सज्जा करने के लिए दिपावाली पर्व पर चाइनीज आइटम उपयोग किए जाते थे, लेकिन इस साल बाजारों में इन सामानों की जगह देसी मिट्टी के बने आइटम ही पहुंच रहे हैं। लोकल लेवल पर मिट्टी से बने आइटम की मांग भी बाजारों में खूब देखने को मिल रही है, जिसमें मिट्टी के झूमर, दीपक सहित सजावट के अन्य सामान बाजारों में बिक रहे हैं। फुथपाथ पर छोटी छोटी दुकान लगाए व्यापारी बताते हैं कि दीवाली बड़ा त्यौहार है। इसी से उम्मीद लगी रहती है।

### दीप पर्व के लिए सजने लगा पटाखा बाजार

दीपावली के लिए पटाखा बाजार लगने वाला है। इसके लिए गुप्ता ग्राउंड में ले-आउट हो गया है। ले-आउट के बाद अब दुकानें लगेंगी। दुकानें 120 लग रही हैं। एक दुकान के लिए 2100 रुपए की रसीद नगर पालिका ने काटी है। चार दिन तक वे दुकान लगा सकेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि 13 नवंबर की सुबह दुकानदारों को मैदान खाली करना होगा। गुप्ता ग्राउंड के अलावा दीपावली के लिए एसएनजी स्टेडियम में लग रहे बाजार की दुकानें भी हर हाल में 13 को हटाना होंगी। क्योंकि यहां चुनाव के लिए अधिग्रहित की जा रही बसें और कारें खड़ी होंगी। दीपावली के लिए बाजार सज रहा है। इस बार हर बार की तरह एसएनजी स्टेडियम में दीपावली पूजन का सामान मिलेगा तो गुप्ता ग्राउंड में पटाखा दुकानें लगेंगी। पहले यह मैदान चुनावी सभा के लिए आरक्षित हुआ था। लेकिन बाद में प्रशासन ने इसे चुनावी सभा की सूची से हटा दिया और पटाखा बाजार लगाने के लिए अनुमति दी। इसके बाद नगर पालिका ने यहां दुकान लगाने के लिए काम शुरू कर दिया है।

# रेलवे स्टेशन पर युवक से 5 लाख बरामद, एफएसटी दल ने की कार्यवाई



**इटारसी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता में लगातार सख्ती से जांच की जा रही है। ऐसी रेलवे स्टेशन पर एक यात्री की जांच करने पर जीआरपी ने उसके पास से पांच लाख रुपए जब्त किये हैं, जिनके विषय में कोई कागज उसके पास नहीं मिला है।

जीआरपी थाना इटारसी एफएसटी दल ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन इटारसी में पीपल मोहल्ला इटारसी निवासी एक युवक से पांच लाख नगदी जब्त किए हैं। मुखबिर की सूचना पर जीआरपी जवानों ने युवक की तलाशी ली। एफएसटी दल ने मोहम्मद अकबर पिता मो.यूसुफ से एक बैग में कपड़ों के बीच में रखे पांच लाख रुपए जिनमें 500 के नोट की 10 गड्डियों, प्रत्येक में 100 नोट जब्त किये गये हैं। युवक से रुपए के विषय में पूछताछ करने पर कोई स्पष्ट एवं संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। थाना जीआरपी इटारसी ने इन रुपयों को जब्त किया है। कार्यवाही के दौरान नोडल अधिकारी मृगी अग्रवाल (खाद्य आपूर्ति, द्वारका प्रसाद पाल, उप अंकेक्षण सहा आयुक्त अकेक्षण लक्ष्मण चावरे सहायक उपनिरीक्षक थाना अजाक, राजस्व निरीक्षक तोप सिंह, पटवारी हीरेंद्र वर्मा सहित एफएसटी दल के उपस्थित थे।

# होटलों पर हो रहा था घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग, 11 सिलेंडर जब्त



**इटारसी, देशबन्धु।** खाद्य विभाग की टीम ने आज शहर के खानपान रेस्टॉरेंट, भोजनालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान अलग-अलग प्रतिष्ठान से कुल 11 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये, जिनका उपयोग कमर्शियल तौर पर किया जा रहा था। दीपावली के त्योहार को देखते हुए लगातार प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा जांच और निरीक्षण की कार्रवाई चल रही है। आज इटारसी में खाद्य अधिकारी मृगी अग्रवाल ने रेस्टोरेंट और भोजनालय में निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आज शहर की खान पान होटलों को संघन जांच में घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग होने पर 11 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर कार्यवाही की है। टीम ने अपनी रसोई से एक नग घरेलू सिलेंडर, रसराज होटल बस स्टैंड से 05 घरेलू सिलेंडर, जिलानी मदनी होटल जयस्तंभ चौक से पांच घरेलू सिलेंडर व्यावसायिक कार्य में प्रयोग किए जाने पर जब्त किए हैं।

कामती में आदिवासी सम्मेलन में बोले पूर्व सांसद नीखरा, कहा-

# पुष्पराज वह है, जो लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों के लिए जेल जाए

**सोहागपुर, देशबन्धु।** पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने कहा कि जो नेता आम जनता के लिए जेल जाए उसे पुष्पराज सिंह पटेल कहते है आम जनमानस की लड़ाई के लिए पुष्पराज 29 दिन तक जेल में बंद रहे। श्री नीखरा कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज पटेल के समर्थन में आदिवासी बहुल क्षेत्र ग्राम कामठी में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि श्री पटेल द्वारा उच्च न्यायालय में 4 बार जमानत के लिए आवेदन दिया, परंतु सत्ता के संरक्षण में वकील द्वारा हर बार आपत्ति लगाई गई। पुष्पराज डरने वाला नहीं जरूरत पड़े तो फिर जेल जाएगा और मैं उसे छुड़ाऊंगा। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी श्री पटेल ने कहा कि कामती के आदिवासी समाज को याद दिलाते हुए कहा मैने पिछले चुनाव में आपसे वादा किया था कि आपको एक महीने के अंदर पट्टे दिलवाऊंगा और मैंने वायदे के अनुसार सरकार बनने के बाद 2 माह के अंदर आपको पट्टे दिलवाने का काम किया। वहीं उन्होंने कहा कि उस आजादी से अच्छी गुलामी है जिसमे पिछड़ा , दलित और आदिवासी समाज का सम्मान न हो। कांग्रेस जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया और कांग्रेस को आदिवासियों की सच्ची हितैषी बताया। टेकाम ने कहा कि आदिवासी सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा आदिवासियों के साथ हुए भाजपा द्वारा किए गए छलावे को मुख्य रूप से उठते हुए अपेक्षा का आरोप लगाया।



इसके पहले एक दर्जन आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया, उसके बाद ग्राम कामठी में एक सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेसियों ने विस्थापन, पट्टे, तेंदूपत्ता , महुआ महोत्सव , मछली पालन , भू अधिग्रहण मामले को आदिवासी वक्ताओं ने बताते हुए भाजपा सरकार पर हमलवार होते हुए कांग्रेस को अपना हितैषी बताया। साथ ही सोहागपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज सिंह पटेल के पक्ष में मतदान करने की अपील की है । मुख्य वक्ताओं के रूप में कांग्रेस जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, विक्रम बहादुर शाह, यशवंत पटेल , शैलेंद्र दीवान , रणवीर सिंह पटेल, मनोज कुमरे जनपद सदस्य इत्यादि ने आदिवासी समाज के मुद्दों को उठाते हुए हजारों की संख्या में उपस्थित समाजिक बंधुओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। सभा में गाडरवारा से मनीष राय, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव सीमा कटकवार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हरगोविंद पुरबिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री यशवंत राजपूत, संतोष मालवीया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष आलोक जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के रणवीर सिंह पटेल सहित जिले भर के कांग्रेसी मौजूद रहे। संचालन कैलाश खुराना ने किया, आचार संहिता के चलते तयशुदा कार्यक्रम अपने निर्धारित समय से चालू होकर समापन हुआ। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजेंद्र उईके ने किया ।

### आदिवासी समाज पुष्पराज के साथ

- कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज का समर्थन करते हुए उनके पक्ष में आदिवासी समाज से सहयोग करने की बात कही। पुष्पराज ने बताया आदिवासी समाज के शोभापुर के राजा उमराव शाह द्वारा दी गई 34 एकड़ जमीन मंदिर के लिए दान में दी गई 8 एकड़ जमीन में स्कूल बनाने के लिए दी है। उक्त दानवीर के नाम पर स्कूल का नाम न होना आदिवासी राजा के साथ छलावा है राजा वाले मंदिर में भाजपा प्रत्याशी पुजारी को संरक्षण दे रहे है।

### वाहन अधिग्रहण से यात्रियों को हो रही परेशानी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। 17 नवंबर को मतदान है, इसके पहले 12 नवंबर को दीपावली व दो दिन बाद भाई दूज का त्योहार आ रहा है। इस समय हर परिवार के लगभग प्रत्येक सदस्य अपने-अपने घर पहुंचते हैं। घरों से दूर रहने वाले लोग इस बार त्योहार पर घर आकर 15 नवंबर तक वापस अपने काम काज वाले शहर पहुंचेंगे। ऐसे में आयोग का अभी से यात्री वाहनों जैसे टैक्सी, बसों का अधिग्रहण करना जल्दबाजी साबित हो रहा है।

त्योहार के समय जब आम यातायात व्यवस्था सुलभ रहती है तब भी वाहनों में लोगों को जगह नहीं मिलती, ऐसे में त्योहार पर वाहनों का अधिग्रहण आम यात्रियों के लिए मुसीबत बन रहा है। सड़क यातायात के साधनों की कमी का सीधा असर यात्री ट्रेनों पर पड़ेगा। अभी से ही ट्रेनों में लोगों को जगह मिलना मुश्किल हो रहा है। आरटीओ ने टैक्सियों का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। ऐसे में छोटी दूरियों पर जाने वाले लोगों को परेशानी होने लगी है।

लगभग हर रोज बड़े वाहनों की वजह से परेशान होते नागरिक

# सूरजगंज रोड पर लगने वाले जाम से बेफिक्र ट्रैफिक अमला



**इटारसी, देशबन्धु।** सूरजगंज चौराह से सोनासांवरी नाका तक ट्रैफिक की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। यहां स्कूलों की छुट्टियां होने के वक्त सर्वाधिक जाम लगता है और यह तस्वीर हर दिन बनती है। बावजूद इसके ट्रैफिक अमला यहां कभी समस्या का निदान करते नहीं देखा गया है। जाम लगने से सबसे अधिक स्कूली बच्चे, उनके परिजन तकलीफ उठाते हैं। भारी वाहनों के शहर में प्रवेश निषेध होने के वक्त भी भारी वाहन इस मार्ग पर दिखते हैं और उनके कारण ही सबसे अधिक समस्या उत्पन्न हो रही है।

शहर के भीतरी मार्गों पर वाहनों की तादाद अचानक बढ़ जाने की वजह से सुबह के समय और दोपहर के समय विशेष कर छुट्टियां होने के वक्त जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। ऐसी स्थिति में स्कूली बच्चे खासे परेशान हो जाते हैं, उन्हें सुबह अपने स्कूलों को पहुंचने में एवं दोपहर में अपने घरों को पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से शहर के अन्य मार्गों के साथ ही सूरज गंज मुख्य मार्ग की स्थिति बिगड़ रही है। सोना सांवरी ग्राम के नजदीक कुछ स्कूली संस्थाओं के अलावा बड़ा कॉलोनी क्षेत्र हो जाने के कारण यहां ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है। इस मार्ग पर गांवों से आने वाले ट्रैक्टर-ट्राली, बड़े वाहनों के मार्ग पर होने की वजह से छोटे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए दिक्कत बढ़ जाती है। इन दोनों पुलिस प्रशासन चुनाव के चलते व्यस्त होने की वजह से ऐसे जाम वाले सड़कों पर मौके पर नहीं पहुंच पाता है, जिसके चलते भी जाम की स्थिति में विषम परिस्थितियों उत्पन्न हो जाती है। ट्रैफिक अमले को चाहिए कि इस स्थिति में सुधार कर लोगों को जाम की परेशानी से निजात दिलाये।

# मतदान जागरूकता के लिए जयस्तंभ चौक पर नुक्कड़ नाटक किया

**इटारसी,देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान जयस्तंभ चौक इटारसी पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान का महत्व बताया और लोगों को मतदान करने प्रेरित किया।

इस नुक्कड़ नाटक में ओम सिंह, मयंक कनौजिया, आदित्य परसाई, कुमुद बड़गे, सुजाता राजपूत, अर्पिता सराठे, श्याम सोनी, आदर्श मिश्रा, कौसर खान, गीता चौहान, आकृति अग्रवाल, अभिमन्यु चौरे, चिरायु सूर्यवंशी, आदि विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया एवं साथ ही यह भी अपील की कि अपने मत का उपयोग 17 नवंबर को विधानसभा के चुनाव में मतदान आवश्यक करें एवं दूसरे मतदाताओं को भी अपने मत के उपयोग करने के लिए आवश्यक रूप से प्रेरित भी करें।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रश्मि तिवारी एवं निर्वाचन के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार अहिरवार एवं एनएसएस अधिकारी श्रीमती मीरा यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आम जन एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कहा कि प्रत्येक भारतवासी को भारत के लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए मतदान करने की शपथ लेनी चाहिए।निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक रूप से करें एवं अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित करें।



इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रश्मि तिवारी ने कहा कि एक पढ़ा लिखा मतदाता कई अनभिज्ञ मतदाताओं को भी मत देने के लिए प्रेरित कर अपने दायित्व को अदा कर सकता है। नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार अहिरवार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निरंतर विद्यार्थियों और अध्यापकों की सहयोग से मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम प्रति दिवस चलाए जा रहे हैं। हम यही संदेश देना चाहते हैं की 17 नवंबर 2023 को 100 प्रतिशत मतदान कर इटारसी शहर को एक जागरूक मतदाता के रूप में प्रतिष्ठा दिलाए।

इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले महाविद्यालय के प्राध्यापकों में श्रीमती नीरा यादव, डॉ. आशुतोष कुमार मालवीय, डॉ. एकता मालोनिया, श्रीमती भारती चौधरी, श्रीमती दीपिका महतो, श्री योगेश गौर, डॉ. दुर्गेश लसगरिया, डॉ सौरभ नेमा, कु. शिखा चन्द्रवंशी, कु. ज्योति चौहान आदि प्राध्यापक एवं अतिथि विद्वान उपस्थित रहे।

खरगोन की सभा में बोले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

# कांग्रेस ने तीनों लोक में घोटाला किया



**खरगोन, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने हवा, पानी और पाताल में भी घोटाला किया है।

भाजपा अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के बड़वाह में जनसभा में कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा का शासन अपने 20 वर्ष पूरे कर रहा है। एक नई पीढ़ी, एक नया युग जिसने कांग्रेस का शासन नहीं देखा, उसे भी बताना आवश्यक है कि 2003 के पहले प्रदेश की हालत क्या थी। हमने हर क्षेत्र में विकास करके इस लंबे विकास के सफर को तय किया है। अब मध्यप्रदेश में अंधेरा नहीं है, बल्कि विकास का उजाला ही उजाला है। मध्यप्रदेश अब बीमारू नहीं, बल्कि अग्रणी राज्य की श्रेणी में खड़ा है।

नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में, महिलाओं के स्थिति में, बच्चों की स्थिति में, शिक्षा में, किसानों के क्षेत्र में आज अग्रणी राज्यों की कतार में खड़ा है। कांग्रेस पार्टी की सरकार जहां-जहां जब-जब आई है तब तक भ्रष्टाचार, अनाचार और अत्याचार रहा है। जहां कांग्रेस रहेगी, वहां यह सब कुछ रहेगा।

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने तीनों लोकों में घोटाला किया। कांग्रेस ने पहले पानी में पनडुब्बी का घोटाला किया। हवा में अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला और पाताल में कोयला घोटाला किया। कॉमनवेल्थ गेम्स और मनरेगा घोटाला भी सामने आया। कांग्रेस का यही चरित्र है।

मीडिया से बोले पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा

# भाजपा को समर्थन नहीं, सजा मिलेगी



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने कहा है कि जनादेश चोरी कर सरकार बनाने वाली भाजपा को समर्थन नहीं, सज़ा मिलेगी। श्री शर्मा ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है। व्यापम, नर्सिंग, पटवारी घोटाला आज हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि आज देश का कोई भी संस्थान नहीं बचा है, जिसका दुरूपयोग न किया जा रहा हो और इनका उपयोग केवल विपक्ष के नेताओं को दबाने के लिए किया जा रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि एक साल में प्रधानमंत्री जी 13 वीं बार मध्यप्रदेश में आ रहे हैं, लेकिन उनके आने का कोई भी असर यहां नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा अंदर से घबराई हुई है। इसलिए उन्होंने केन्द्रीय मंत्रियों को भी चुनाव में उतार दिया।

## केन्द्र ने हिमाचल की मदद नहीं की

एक सवाल के जवाब में श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना लागू की है और इससे हिमाचल में 3 लाख कर्मचारियों को लाभ मिल रहा है। हम मध्यप्रदेश में भी इस योजना को लागू करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि हिमाचल में बाढ़ और भूस्खलन की बड़ी आपदा आई है, लेकिन केंद्र सरकार ने हिमाचल की मदद नहीं की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ता सम्मेलनों को किया संबोधित, बोले-

# चुनाव में बूथ का कार्यकर्ता ही चाणक्य होता है



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की कोई ताकत है तो वह बूथ पर बैठा हमारा कार्यकर्ता है। चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी तो निमित्त मात्र होते हैं, प्रत्याशी के साथ हमारा बूथ का कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ता है। क्योंकि बूथ का कार्यकर्ता ही चाणक्य होता है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी कमल का फूल होता है, हमारे बूथ कार्यकर्तागण एक प्रत्याशी के रूप में परिश्रम कर अपने बूथ विजय के संकल्प को साकार करते हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने उमरिया और शहडोल में जिला कार्यालय का उद्घाटन कर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बूथ कार्यकर्ताओं को बूथ विजय का संकल्प दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष ने विजयराघौगढ और बडवारा में भी सम्मेलन को संबोधित किया।

## नवनिर्मित कार्यालय से काम को विस्तार मिलेगा

श्री शर्मा ने उमरिया और शहडोल में जिला कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिए संगठन की रीति-नीति के निर्धारण का प्रमुख केन्द्र होता है, कार्यालय के निर्माण से आपके जिले में पार्टी के काम को गति मिलेगी। उमरिया में पूर्व सांसद ज्ञान सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, मुकेश मिश्रा, आशुतोष अग्रवाल, मनीष सिंह, राकेश शर्मा, श्रीमती ज्ञानवती, श्रीमती अनुजा पटेल और शहडोल कार्यक्रम विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जिलाध्यक्ष कमलप्रताप सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हमें कांग्रेस के कुचक्र को खत्म करना है

श्री शर्मा ने कहा यह विधानसभा चुनाव बूथ पर लड़ा जाने वाला चुनाव है। हमें किसी भी भ्रम में नही रहना है। हमारा कार्यकर्ता बूथ पर मेहनत करता है, लेकिन झूठ बोलने वाली ताकतें जनता में भ्रम फैलाकर गुमराह करने का प्रयास करती है। हमें सजग और सतर्क रहकर कांग्रेस के कुचक्र को खत्म करना है।

# जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्मान दें अधिकारी : सिंह

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि शासन व्यवस्था के 3 अंगों में से विधायिका ही एक मात्र संस्था है जो जनता द्वारा चुनी जाती है, इसलिए कार्यपालिका के अधिकारियों द्वारा जनभावनाओं का सम्मान करते हुए जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्माान एवं जनसेवा में सहयोग दिया जाना चाहिए। वह आज प्रशासन अकादमी के माध्यम से दिल्ली से अध्ययन प्रवास पर आए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत 59 प्रशिक्षु अधिकारियों के बैच को विधान परिषद कक्ष में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वैसे भी शासन-प्रशासन में अधिकारियों को जो अधिकार उनके पद अनुसार दिए जाते हैं वह रौब दिखाने के लिए नहीं हैं, बल्कि अधिकार जन कल्याण और सेवा के लिए होते हैं। विभिन्न जन प्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी दोनों लोकसेवक हैं, इसी दृष्टिकोण के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन ईमानदारी और नियमों का पालन करते हुए किया जाना चाहिए।



इस अवसर पर श्री सिंह द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों को विधानसभा की कार्यपद्धति, बजट व विधायी प्रक्रिया आदि के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। तदुपरांत प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा विधानसभा भवन का अवलोकन भी किया गया।

उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा-

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की अम्मा, घटिया राजनीति की जन्मदाता



**भोपाल, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गरीबी हटाने का नारा देने वाली कांग्रेस पार्टी ने गरीबी हटाने की बजाय अमीरों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की अम्मा है और घटिया राजनीति की जन्मदाता है।

उन्होंने यहां मीडिया से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग के कुछ कोई कार्य नहीं किया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ओबीसी आयोग का गठन कर उसे संवैधानिक दर्जा दिया है। जब भी चुनाव आता है कांगेस पार्टी और उसके नेता पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासियों के लिए बातें करने लगे हैं।

उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि 2014 में लोकसभा का चुनाव जीतकर केंद्र में भाजपा की सरकार बनी और श्री मोदी अति पिछड़े वर्ग से आते हैं। मोदी ही अगुवाई में मैं 2016 में उत्तर प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बना और वहां जनवरी 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में शानदार विजय मिली। भाजपा ने 403 सीटों में से 325 सीटें जीतीं। मध्यप्रदेश में वर्षों से शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री हैं, इसके पहले उमा भारती और स्व. बाबूलाल गौर मुख्यमंत्री रहे। तीनों ही पिछड़ा वर्ग से आते हैं। कांग्रेस पार्टी पिछड़े वर्ग के लिए कुछ नहीं किया। कांगेस पिछड़ा ही नहीं गरीब, दलित, आदिवासियों की भी विरोधी पार्टी है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की धनराशि भी प्रदेश की एक करोड़ 31 लाख से अधिक बहनों के खाते में पहुंच रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार प्रति लाड़ली बहना 1250 रुपए बैंक खाते में भेज रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में गरीब कल्याण के लिए 30 लाख करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से सरकार लोगों के बैंक खाते में पहुंचा चुकी है।

श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास लेकर के आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इतने शानदार कार्य किया हैं कि कांग्रेस के लोगों के पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश में भाजपा विधानसभा चुनाव में शानदार सफलता पाने जा रही है। भाजपा छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा का चुनाव जीतकर वहां भी सरकार बनाएगी।

# छत्तीसगढ़ में 71, मिजोरम में 77 फीसदी मतदान

- छत्तीसगढ़ में पहले चरण में 20 सीटों पर डाले गए वोट
- कांकेर में 75.51 व बस्तर में 72.41 फीसदी मतदान
- मिजोरम में सभी चालीस सीटों पर डाले गए वोट

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के पहले चरण की घुर नक्सल इलाके की 10 सीटों सहित 20 सीटों पर मतदान आज शान्तिपूर्ण समाप्त हो गया। लगभग 71 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं मिजोरम में 77.39 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर में 75.51 प्रतिशत,बस्तर में 72.41 प्रतिशत,बीजापुर में 40.98 प्रतिशत,मोहला मानपुर में 76 प्रतिशत, सुकमा में 50.12 प्रतिशत,कोण्डागांव में 75.35 प्रतिशत दंतेवाड़ा में 62.55 प्रतिशत तथा नारायणपुर में 63.88 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके साथ ही राजनांदगांव में 75.10 प्रतिशत, कबीरधाम में 72 प्रतिशत तथा खैरागढ़ में 76.31 प्रतिशत मतदान हुआ है। शाम पांच के बाद में भी कुछ मतदान केन्द्रों के परिसर में मतदाता मौजूद थे, इससे मतदान प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है।

## कई प्रमुख नेताओं का भविष्य ईवीएम में कैद

इस चरण में जिन प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह भी शामिल है। उनकी हाई प्रोफाइल सीट राजनांदगांव में भी इस चरण मे मतदान हुआ। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की चित्रकोट सीट,राज्य के वरिष्ठ मंत्री मोहम्मद अकबर की सीट कवर्धा,वरिष्ठ मंत्री कवासी लखमा की सीट कोन्टा तथा वरिष्ठ मंत्री मोहन मरकाम की सीट कोन्डागांव में भी आज ही मतदान हुआ। भाजपा के चार वरिष्ठ नेताओं पूर्व मंत्री केदार कश्यप की सीट नारायणपुर,पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की सीट बीजापुर तथा पूर्व मंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेन्डी की सीट कोन्डागांव में भी मतदान सम्पन्न हुआ।

नक्सल प्रभावित दस विधानसभा क्षेत्रों मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में मतदान तीन बजे समाप्त हो गया। इन क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। जबकि 10 विधानसभा क्षेत्रों पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट में मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। इन सीटों पर मतदान सवेरे आठ बजे शुरू था।

## 5304 मतदान केन्द्र बनाए गए थे

मतदान के लिए कुल 5304 मतदान केन्द्र बनाए गए थे ,इनमें 102 आदर्श मतदान केन्द्र जबकि 200 सौ संगवारी मतदान केन्द्र थे। इसके साथ ही 20-20 मतदान केन्द्र दिव्यांगों एवं युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित किया गया। 5304 मतदान केन्द्रों में 2431 मतदान केन्द्रों पर बेव कास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। इन 20 विधानसभा क्षेत्रों में दो विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव एवं कवर्धा में प्रत्याशियों की संख्या 16 से अधिक थी इस कारण इस क्षेत्र में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दो ड्डदो ईवीएम मशीने लगाई गई थी। प्रथम चरण में मतदान वाले अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8 , कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## बस्तर में 93 वर्षीय व्यक्ति ने मतदान किया

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में आज बस्तर विधानसभा चुनाव में एक 93 वर्षीय व्यक्ति ने मतदान किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर निर्वाचन क्षेत्र के भैसा कनार गांव के निवासी 93 वर्षीय शेर सिंह ने वोट डाला। स्थानीय लोगों और चुनाव पर्यवेक्षकों का ध्यान खींचा है। बस्तर जिले के एक छोटे से गांव भैसा कनार में कुल 93 मतदान केंद्र हैं और यह उन केंद्रों में से एक है जहां शेर सिंह ने दो अन्य वरिष्ठ महिला नागरिकों के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। दो अन्य वरिष्ठ मतदाताओं में दो महिलाएं शामिल है। 1930 में जन्मे शेर सिंह ने आज तक कभी चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया था।

## मिजोरम में जोरमथंगा की सीट पर कम मतदान

मिजोरम में सभी 40 सीटों पर वोटिंग हुई। पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार मिजोरम में 77.39 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अब 3 दिसंबर को पता चलेगा कि जनता ने किसे चुना।

जिन सीटों पर आज चुनाव हुए उनमें एक चर्चित सीट आइजोल पूर्व-1 है। यहां से मुख्यमंत्री जोरमथंगा मैदान में हैं। इस सीट पर 65.97 फीसदी वोट डाले गए। 2018 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 80.3 फीसदी मतदान हुआ था।

पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, इस बार सेरछिप सीट पर सबसे ज्यादा 83.73 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद तुइकुम सीट सीट पर 83.07 फीसदी और सेर्लुइ सीट पर 83.03 फीसदी मतदान हुआ।

नीतीश कुमार ने सदन में पेश किया प्रस्ताव

# पिछड़े-अतिपिछड़े का आरक्षण बढ़ना चाहिए

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जातीय गणना से जुड़ी रिपोर्ट पेश की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे पर बड़ा प्रस्ताव रखा है। नीतीश कुमार ने कहा कि पिछड़े और अतिपिछड़े का आरक्षण बढ़ना चाहिए। 50 की जगह 65 फीसद किया जाना चाहिए. पहले से अगड़ी जातियों को 10 प्रतिशत है तो इस 65 प्रतिशत के बाद कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो जाएगा, तब अनारक्षित 25 प्रतिशत बचेगा। नीतीश कुमार ने एससी के लिए 20, एसटी के लिए 2 और ओबीसी एवं ईबीसी के लिए 43 फीसद आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा। बिहार में ईबीसी के लिए आरक्षण 10 फीसदी, एससी के लिए 16, एसटी के लिए 01, ईबीसी के लिए 18, ओबीसी के लिए 12 और ईबीसी एवं ओबीसी महिलाओं के लिए तीन फीसदी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भाजपा सरकार में बंद हुए....** मुर्मू की उम्मीदवारी का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने केवल उन्हीं को आगे बढ़ाया, जो दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाते थे। कांग्रेस ने कभी अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े समाज के प्रतिभाशाली नेतृत्व को उभरने नहीं दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के चुनाव का भी विरोध किया, क्योंकि उसे केवल आदिवासियों के वोट बैंक में दिलचस्पी है, उनके कल्याण में नहीं।

इस अवसर पर सीधी विधानसभा की प्रत्याशी और सांसद श्रीमती रीती पाठक, प्रदेश महामंत्री एवं चुरहट विधायक और विधानसभा प्रत्याशी श्री शरदेन्दु तिवारी, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, धौहनी विधानसभा के प्रत्याशी और विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधानसभा के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक विश्वामित्र पाठक, चितरंगी विधानसभा की पार्टी प्रत्याशी श्रीमती राधा सिंह, सिंगरौली विधानसभा की प्रत्याशी रामनिवास शाह, देवसर विधानसभा के प्रत्याशी राजेंद्र मेश्राम, व्यवहारी विधानसभा के प्रत्याशी एवं विधायक शरद कोल, राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, रीवा विधानसभा के प्रत्याशी, विधायक एवं मंत्री राजेंद्र शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान मंचासीन रहे।

दिल्ली के प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# हमारा सब्र खत्म हो रहा, पराली जलाना बंद करें राज्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार 7 नवंबर को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस संजय किशन कौल ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकारों को सख्त आदेश दिया कि पराली जलाना तुरंत बंद किया जाए। प्रदूषण को देखते हुए हमारा सब्र खत्म हो रहा है, अगर हमने एक्शन लिया तो हमारा बुलडोजर रुकेगा नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को भी निर्देश दिया कि नगर निगम शहर का ठोस कचरा खुले में न जलाए, क्योंकि दिल्ली को हर साल प्रदूषण से जूझने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। जस्टिस कौल ने केंद्र से कहा कि वह किसानों को सब्सिडी देने और दूसरी फसलों की पैदावार के लिए प्रेरित करे, ताकि ठंड से पहले पराली जलाना बंद हो सके।

## 10 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

मामले की सुनवाई जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 10 नवंबर तय की है। यह फैसला दिल्ली में वायु प्रदूषण के लगातार खतरनाक स्तर को कम करने के लिहाज से अहम है। राजधानी की हवा पिछले 8 दिनों से बेहद खराब है।

# अब के गलती नहीं करेगा चुरहट

- **चुरहट से नरेंद्र कुमार मौर्य**

**चुरहट, देशबन्धु।** इस बार चुरहट में कोई ऊहापोह नहीं है, क्योंकि फ़ैसला कर लिया गया है। यह बात जितनी अच्छी तरह क्षेत्र का मतदाता जानता है, उतनी ही शिद्दत से उनका प्रत्याशी भी जानता है। आप समझ ही गये होंगे कि हम कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह 'राहुल' की बात कर रहे हैं। वे निश्चिंत है और बड़े मज़े से अपने इलाके का दौरा कर रहे हैं। जैसे कोई बड़ा-बुज़ुर्ग अपने बच्चों का हाल जानने निकला हो। कोल्हूडीह की जनसभा में वे ऐसे ही सयाने नजर आए। वहां भाषण नहीं, बातचीत हो रही थी। जिसमें बीच-बीच में सुनने वाले भी बोलने लगते थे।

गांवों में जब आम मतदाता से बात करो तो तुरंत समझ में आ जाता है कि अजय सिंह में यह आत्मविश्वास कहां से आया है। चिलरी कलां गांव के विशाल दाहिया ने कहा कि यहाँ के लोग पछता रहे हैं कि ग़लत नेता चुन लिया था। लोग अपनी ग़लती सुधारने चाहते हैं, इसलिए इस बार दोगुने मतों से जिताकर पिछली हार का बदला लिया जाएगा। राहुल भैया भारी मतों से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक शरदेंदु तिवारी ने लोगों से संपर्क नहीं रखा। आधे अधूरे काम ही करवाये। इस बार जनता बदलाव चाहती है।

चिलरी खुर्द गांव में भी यहीं सुनने को मिला। उषा सोनी और सविता बरेठा ने कहा कि भाजपा विधायक ने कभी मदद नहीं की। सविता ने कहा कि उनका बेटा 22 साल का हो गया, उसके पास काम नहीं है। लेकिन रोज़गारअधिकारी उसका पंजीयन नहीं कर रहे हैं। बरिगवां कुट्टी गांव के रविकांत पांडेय कहते हैं कि आम आदमी पार्टी ने अनेंद्र मिश्रा राजन को खड़ा किया है। मिश्रा जी भाजपा के वोट ही काटेंगे, इससे राहुल भैया की जीत आसान हो जाएगी ।समर बहादुर सिंह ने भी कहा कि अंदर अंदर आम आदमी पार्टी का असर तो है, लेकिन पहले नंबर पर कांग्रेस है।



चुरहट में सामान्य चहल पहल है। चुनाव का ख़ास माहौल नज़र नहीं आता। कभी कभार कोई प्रचार वाहन हल्का सा शोर करते हुए गुज़र जाता है। यहां राजाराम साकेत ने कहा कि यहाँ हर तरफ राहुल भैया का ही माहौल है। पिछली बार ये छह-सात हज़ार से हार गए थे। इस बार वो अन्तर उन्होंने ख़त्म कर दिया है। जनता भी सरकार बदलना चाहती है। एक दुकानदार सुशील गुप्ता ने कहा कि पिछली बार उन्होंने भाजपा को वोट दिया था, लेकिन विधायक ने कोई काम नहीं किया। इस बार गलती नहीं करेंगे और राहुल भैया को ही वोट देंगे। यहीं के अजूबा ख़ान ने कहा कि जहां भी जाओ आपको राहुल भैया और कांग्रेस का नाम ही सुनने को मिलेगा।

बीच में एक गांव मिला टकटैया, यहाँ कुछ लोगों ने भाजपा प्रत्याशी शरदेंदु तिवारी का नाम लिया। राम सजीवन केवट कहने लगे राहुल भैया में ठकुराई बहुत है। गरीब की चिंता नहीं है। कुछ भी हो जाए वे कभी नहीं आते इसलिए इस बार भी हार सकते हैं। थोड़ा सा आगे बढ़ने पर एक गाँव आता है डढ़िया, यहाँ स्थिति बिलकुल उलट है। विश्वनाथ साकेत कहते हैं कि पूरा गांव घूमकर देख लो कहीं एक भी जगह आपको भाजपा का झंडा नहीं दिखेगा। यहाँ हर तरफ राहुल भैया का ज़ोर है। उन्होंने बताया कि डढ़िया की आबादी करीब तीन हज़ार है और 20 वार्ड हैं। वे कहते हैं कि पहले हमने भाजपा का समर्थन किया था, लेकिन इस बार चाहते हैं कि बदलाव हो। उन्होंने कहा कि बेरोज़गारी बहुत है। बिजली का बिल बहुत आ रहा है और बिजली की स्थिति बहुत खराब है। यह हरिजन बहुल इलाका है और सभी कांग्रेस को वोट देने वाले हैं।

## अपनों से मिले अपनों की तरह

चुरहट के नजदीक कोल्हूडीह गांव में हम अचानक पहुँचे थे। वहाँ एक सभा में अजय सिंह तीन चार लोगों के साथ कुर्सियों पर बैठे थे। उनके सामने बहुत सारे महिला-पुरुष दरी पर और कुछ कुर्सियों पर बैठे थे। थोड़ी-थोड़ी देर कई लोगों ने भाषण दिए। फिर अजय सिंह राहुल अपनी बात कहने को खड़े हुए। उनका अंदाज़ ऐसा था जैसे आपका कोई बहुत करीबी आपको समझा रहा हो। उन्होंने कहा कि 'यदि अपना पंचे चुरहट मा नया इतिहास रचय चाहित हयन, युवकन का रोजगार देय चाहित हयन, ता हजार पांच सौ मा बंहकय का नही आय। नहीं ता नौजवानन के भविष्य बर्बाद होय जई। एसे पइसा लइके वोट कतई ना देई। अब जिम्मेदारी अपना पंचेन के बनत हय के इआ चुनाव मां अपना का फैसला करित हयन। हम जानित हयन के अपना हमसे नाराज नहीं आहेन। गांव के आपसी राजनीतिक मनमुटाव का हमरे चुनाव मा ना लई। इया अपना के भविष्य के चुनाव आय। इहय विनती करय आए हयन'।

अजय सिंह का बघेली में यह अंदाज़ लोगों के दिल को छूता है। खासकर औरतें बड़े ध्यान से उनकी एक-एक बात सुनती हैं। कोल्हूडीह की ग्रामीण महिला मतदाता श्यामकली बघेली में अपनी समस्या बताती है। अजय सिंह उसे माइक देते हैं। वह अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहती है- 'हमरे टोला मां पिअय का पानी नहीं आय, गली ढर्रा तक नहीं आय' यह सुनकर राहुल कटाक्ष करते हैं- 'तोहर तकलीफ हम जानि गयन, नेता ता तुहिन पंचे बनउते हय। अब आगे तकलीफ ना होई।'

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।